नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 234 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, रविवार 3 जुलाई 2022

पेज -3 पर

कुनकुरी में शिक्षकों को अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित संचालन के ....

उदयपुर घटना के विरोध में हिंदू संगठनों का फूटा गुस्सा...

पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

एक नजर

अब गिरिराज सिंह आएंगे छत्तीसगढ़

केंद्रीय मंत्री सोमवार को आएंगे, चार दिनों तक कोरबा में रहेगा डेरा

रायपुर। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह अपने चार दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री चार जुलाई को यहां पहुंच रहे हैं। वे चार दिनों तक कोरबा में रहेंगे। इस दौरान वे भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। उनके एजेंडे में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों से मुलाकात करना भी है। तय कार्यक्रम के मुताबिक केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह चार जुलाई को दोपहर 1.45 बजे रायपुर हवाई अड्?डे पहुंचेंगे। वहां भाजपा के पदाधिकारी और सांसद उनका स्वागत करने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री हवाई अड्?डे से ही एनटीपीसी कोरबा के लिए रवाना होंगे। शाम को वे कोरबा पहुंचकर सबसे पहले भाजपा के जिला कार्यालय में पहुंचेंगे। पांच जुलाई को सुबह वे राम जानकी मंदिर सीतामढ़ी में दर्शन करने भी जाएंगे। उसके बाद कोरबा के जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। उस दिन दोपहर बाद वाल्मीकि आश्रम जाएंगे। शाम को पुराना बस स्टैंड स्थित गीतांजलि भवन उनका ठिकाना होगा। सरकारी दौरा 6 जुलाई को शुरू होगा।

जीएसटी पर सीएम भूपेश का मोदी सरकार पर फिर हमला, बघेल ने कसा तंज, कहा- ये गब्बर सिंह टैक्स है भाई

रायपुर। जीएसटी पर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर एक बार फिर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने तंज भरे अंदाज में ट्विटर पर लिखा है- केंद्र सरकार ऐसी GST लायी, सिर्फ उनके मित्रों को ही भायी...।

न जनता के समझ में आई, न उनके खुद समझ में आई...। छोटे व्यवसायों को भी मुसीबत आई, देश की अर्थव्यवस्था भी चरमराई...। देश कह रहा है- ये GST नहीं है, %गब्बर सिंह टैक्स% है भाई...। दरअसल, राज्यों को जीएसटी क्षतिपूर्ति नहीं देने के फैसले पर केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच टकराव की स्थिति बनती रही है। बता दें कि नरेंद्र मोदी सरकार ने एक्साइज ड्यूटी, सर्विस टैक्स, वैट सहित

एक दर्जन सेस को खत्म करने 1 जुलाई, 2017 को GST को लागू किया था। 5 वर्षों में इसे लेकर देशभर में हंगामा और प्रदर्शन हुए। जीएसटी में कई बदलाव भी किए गए। जीएसटी को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर रही है। अभी हाल ही में मंत्री टीएस सिंहदेव ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ को नुकसान की जानकारी दी थी। वाणिज्यिक कर मंत्री टीएस सिंहदेव ने केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि GST के तहत राज्य को वित्तीय वर्ष 2018-19 में 2 हजार 786 करोड़, 2019-20 में 3 हजार 176 करोड़, 2020-21 में 3 हजार 620 करोड़ और 2021-22 में 4 हजार 127 करोड़ का भारी राजस्व नुकसान हुआ है।

छत्तीसगढ़ को हर साल 5 हजार करोड़ का नुकसान

सीएम भूपेश बघेल पहले कह चुके हैं कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी क्षतिपूर्ति को बंद करने से उत्पादक राज्यों को नुकसान होगा। यदि जीएसटी क्षतिपूर्ति नहीं मिलेगी तो राज्य औद्योगीकरण को क्यों अपनाएंगे। जीएसटी क्षतिपूर्ति बंद होने से छत्तीसगढ़ को हर साल 5 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा। सीएम भूपेश ने कहा था कि जंगल हमारे कटें, प्रदूषण हम झेलें और क्षतिपूर्ति भी ना मिले तो क्या फायदा। प्रदेश के सीमेंट उद्योगों का सिर्फ 10 फीसदी सीमेंट ही छत्तीसगढ़ के काम आता है, बाकी देश के अन्य राज्यों को जाता है। सीएम भूपेश ने GST क्षतिपूर्ति 10 साल तक बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार सहित 17 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा भी था। इस मामले को लेकर भाजपा व कांग्रेस के बीच जमकर सियासत भी होती रही है।

उदयपुर हत्याकांड का विरोध

विहिप व बजरंग दल का छत्तीसगढ़ बंद, बीजेपी व व्यापारिक संगठनों का समर्थन, प्रदेश में अलर्ट

रायपुर। राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ में बंद का आह्वान किया गया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के इस बंद को व्यापारियों व भारतीय जनता पार्टी ने समर्थन दिया है। विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता सुबह से सड़कों पर बंद को सफल बनाने भी निकले।

भाजपा राजनीतिक रोटी सेकने में लगी

कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि उदयपुर की घटना निंदनीय है। पूरा देश इसकी निंदा कर रहा है, लेकिन भाजपा इस घटना पर राजनीति कर रही, वह सर्वथा निंदनीय है। देश की गंगा जमुनी तहजीब के खिलाफ है। घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ बंद कराया जाना उचित नहीं है। उदयपुर की घटना का जितना हो सके प्रचार-प्रसार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्यजनक है कि भाजपा इस घटना पर राजनीतिक रोटी सेकने का काम कर रही है। बंद के दौरान भाजपा, आरएसएस, विहिप के कार्यकर्ता जिस प्रकार का अतिवादी आचरण कर रहे वह यह संस्कृति के खिलाफ है। कांग्रेस इसकी निंदा करती है। उदयपुर की घटना से प्रदेश में आक्रोश बता दें कि भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता रहीं नूपुर शर्मा ने इस्लाम धर्म को लेकर टिप्पणी की थी।

प्रदेश में हालात न बिगड़े इसे देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर है। रायपुर में 500 से भी ज्यादा पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। हर थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। राज्य शासन ने आंतरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अलर्ट रहने कहा है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में व्यापारियों ने अपनी दुकानें सुबह से नहीं खोली है। उदयपुर की घटना के विरोध विहिप व बजरंग दल के बंद को विभिन्न संगठनों का समर्थन है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी दुकानों को दोपहर 2 बजे तक बंद रखने का घोषणा की है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेताओं ने स्कूल-कॉलेज को बंद करने की अपील की है। राजधानी रायपुर में किसी भी तरह से शांति व्यवस्था न बिगड़े इसे लेकर संवेदनशील इलाकों में पुलिस की विशेष नजर है। एएसपी और डीएसपी रैंक के अफसर लगातार निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने क्विक रिस्पॉन्स टीम भी बनाई है। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को टालने रिजर्व फोर्स की व्यवस्था रखी गई है। रायपुर के एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने शुक्रवार की शाम बंद के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को लेकर एक बैठक भी बुलाई थी।

विहिप के बंद को भाजपा का समर्थन

शुक्रवार को रायपुर में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई थी, जिसके बाद विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के बंद को समर्थन दिया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि उदयपुर की घटना के विरोध में भाजपा रायपुर को बंद कराएगी। भाजपा जिला इकाई का विहिप के आंदोलन को समर्थन दिया गया है। व्यापार बंद हैं, स्कूल-कॉलेज, सब्जी व्यवसाय, पेट्रोल-डीजल व्यवसाय, सिनेमा-थियेटर स्वस्फूर्त बंद को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातनी लोगों पर अत्याचरण हो रहा है। ऐसी हिंसा को देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसी ताकतों के खिलाफ देश के लोग एकजुट है।

उदयपुर की तर्ज पर हत्या की धमकी

रायपुर से 2 आरोपी गिरफ्तार, नूपुर शर्मा के समर्थन में युवक ने किया था पोस्ट

रायपुर। राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैया लाल हत्याकांड की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में हत्या करने की धमकी देने वाले युवक व युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दुर्ग जिले की पुलिस ने आरोपियों को राजधानी रायपुर में दबोचा है। आरोपियों ने भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के विवादित बयान का सपोर्ट करने पर जान मारने की धमकी दी जा रही है। आरोपियों ने इंस्टाग्राम में युवक को शुक्रवार तक हत्या करने का मैसेज भेजा था। दहशत में आए युवक ने पुलिस से सुरक्षा मांगी थी और वह काम पर भी नहीं जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बता दें दुर्ग जिले के कुम्हारी निवासी युवक ने इंस्टाग्राम पर नूपुर शर्मा के सपोर्ट में पोस्ट कर दिया था। 12 जून को पोस्ट करने के बाद युवक के मोबाइल पर एक युवक व युवती का मैसेज आया, जिसमें उन्होंने जान से मारने की धमकी दी गई थी। आरोपियों ने उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड की तर्ज पर शुक्रवार तक जान से हत्या करने की बात कही थी।

युवक ने नंबरों के आधार पर कुम्हारी थाने में कासिफ उर्फ कुणाल सेंड्रे पिता राजू सेंड्रे व रितिका भारती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। संवेदनशील मामला होने की वजह से पुलिस भी तुरंत सक्रिय हो गई।

पुलिस कर रही जांच, कोई बाहरी कनेक्शन तो नहीं

दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने केस दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई थी। कुम्हारी पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपियों का मोबाइल नंबर ट्रेस कराया। दोनों का लोकेशन रायपुर में मिला। आरोपी कासिफ को गोल बाजार रायपुर व रितिका भारती को राजीव गांधी आवास योजना जे ब्लॉक रूम नंबर-12 गोल बाजार रायपुर से गिरफ्तार किया गया।

महापौर से बेबस मां की गुहार

शिविर में तख्ती लेकर पहुंची महिला ने कहा- नशे से मेरा बेटा मर गया, बाकी को बचा लें

रायपुर। रायपुर के महापौर एजाज ढेबर अलग-अलग इलाकों में मोर महापौर मोर द्वार अभियान चला रहे हैं। इसके तहत शिविर लगाकर लोगों की शिकायतों को सुनकर निराकरण किया जाता है। शनिवार को ऐसे ही शिविर में शामिल होने महापौर हीरापुर इलाके में पहुंचे थे। यहां एक बुजुर्ग महिला की गुहार ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया।

बुजुर्ग मां अपने साथ एक तख्ती लेकर पहुंची थी । इस तख्ती पर लिखा था नशे की वजह से मेरे बेटे की मौत हो गई, मगर नशे की समस्या आज भी जिंदा है। बुजुर्ग महिला का नाम निर्मल कौर है। निर्मल कौर ने महापौर से मिलकर हीरापुर टाटीबंध इलाके में नशाखोरी की समस्या पर कार्रवाई की मांग की महापौर ने बुजुर्ग महिला की बात इत्मीनान से सुनने के बाद इलाके के पुलिस अफसरों को बुलवाया । उन्होंने नशाखोरी के धंधे में संलिप्त संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। अभियान चलाकर इलाके में नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई की बात कही।

करंट से मजदूर की मौत, स्टेशन मास्टर सस्पेंड

जगदलपुर । जगदलपुर रेलवे स्टेशन में हाईटेंशन तार की चपेट में आकर मजदूर की मौत और ट्रेन को स्टेशन से छोड़े जाने में सामने आई लापरवाही का भुगतान स्टेशन मास्टर को भुगतान पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में डीआरएम ने स्टेशन मास्टर हरिप्रसाद को निलंबित कर दिया है। विदित हो कि कुछ समय पहले जगदलपुर रेलवे साइडिंग में खाद्य सामग्री उतारते समय एक मजदूर ट्रेन के हाइटेंशन करंट सप्लाई देने वाले तार के संपर्क में आ गया था। गंभीर रूप से घायल मजदूर की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। मामले में ठेकेदार की लापरवाही सामने आई थी।

अब महासमुंद नगर पालिका की जंग

कांग्रेस ने पियूष कोसरे और सुबोध हरितवाल को पर्यवेक्षक बनाया, अविश्वास प्रस्ताव पर होना है फैसला

रायपुर/महासमुंद। छत्तीसगढ़ में महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की निर्णायक जंग सोमवार को होनी है। कांग्रेस और भाजपा ने जीत के लिए खेमेबंदी तेज कर दी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पियूष कोसरे और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हरितवाल को पर्यवेक्षक बनाया है।

दोनों नेताओं को महासमुंद पहुंचने को कहा गया है। वहां नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चार जुलाई को मतदान होना है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों पर्यवेक्षकों को स्थानीय पार्षदों और नेताओं से समन्वय स्थापित कर अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान कराने की जिम्मेदारी मिली है। सुबोध हरितवाल ने बताया, वहां कांग्रेस का जीतना बिल्कुल तय है। पार्षदों ने भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष को हटाने का मन बना लिया है।

महासमुंद नगर पालिका में 30 पार्षद हैं। भाजपा के पक्ष में 16 पार्षद थे जिसकी बदौलत भाजपा के प्रकाश चंद्राकर पालिका अध्यक्ष चुने गए थे। वहां नगर पालिका उपाध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस पार्षद के पास थी। पिछले दिनों कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। कलेक्टर ने अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के लिए चार जुलाई की तारीख तय कर दी। इस बीच भाजपा के छह पार्षद एक साथ अज्ञातवास पर चले गए। वहीं दो पार्षदों ने क्षेत्रीय विधायक विनोद चंद्राकर की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ले ली। ऐसे में नगर पालिका में बहुमत का गणित बिगड़ गया है।

सफलता... ज्वेलरी डिजाइनिंग का प्रशिक्षण देकर बेसहारा दिव्यांगों को बना रही आत्मनिर्भर

दिव्यांग गिरजा ने हिम्मत और हुनर से पाई सफलता

रायपुर। छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम की मदद से स्वावलंबन की ओर बढ़ाया कदमहिम्मत और हुनर का साथ हो तो कोई अक्षमता सफलता में बाधा नहीं बनती है, यह साबित किया है रायपुर की अस्थिबाधित दिव्यांग श्रीमती गिरजा जलक्षत्री ने।

छत्तीसगढ़ नि:शक्त जन वित्त एवं विकास निगम की मदद से स्वावलंबन की ओर बढ़ाया कदम

चालीस प्रतिशत अस्थि बाधा से पीड़ित श्रीमती गिरजा ने अपनी दिव्यांगता को पीछे छोड़ते हुए आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है। आज वह न सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक और फोटो फ्रेमिंग का काम करती हैं, बल्कि कई बेसहारा दिव्यांगों को ज्वेलरी डिजाइनिंग सिखा कर उनके स्वावलंबन की राह तैयार कर रही हैं। उनके अधीन 20 दिव्यांग हैण्डमेड ज्वेलरी का प्रशिक्षण ले रही हैं। इनमें 5 पुरूष और 15 महिलाएं हैं। श्रीमती गिरजा द्वारा दिव्यांगजन के स्वावलंबन के दिशा में किए जा रहे काम के कारण उन्हें दिल्ली की संस्था द्वारा डॉ. सुब्रमणयम आवार्ड और एक लाख रूपये से सम्मानित किया गया है। एक समय श्रीमती गिरजा 12 वीं तक पढ़ाई करने के बाद भी बेरोजगार थी। उनके पास हुनर था लेकिन काम शुरू करने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे। इस दौरान उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के बारे में पता चला जो दिव्यांग व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराती है। श्रीमती गिरजा ने निगम में 2 लाख 7 हजार रूपए के ऋण के लिए आवेदन किया।

दो बाइक में आमने सामने टक्कर, 2 लोगों की मौत-बीच जंगल में हुआ हादसा, काफी देर तक तड़पते रहे दोनों

जगदलपुर । छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में शनिवार को सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि, जिले के एक गांव के नजदीक बीच जंगल में दो बाइक आमने-सामने से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइकों में सवार युवक काफी दूर तक फेंका गए। दोनों युवकों को सिर में चोट आने की वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतकों की शिनाख्त नहीं हुई है। मामला जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक नंदपुरा के जंगल में यह हादसा हुआ है। एक युवक नंदपुरा की तरफ से बनिया गांव की तरफ जा रहा था और दूसरा युवक विपरीत दिशा से आ रहा था। दोनों की बाइक की रफ्तार काफी अधिक थी। नंदपुरा के पास जंगल में बाइक अनियंत्रित हुई और आमने-सामने से टकरा गई। जिसके बाद दोनों बाइकों में सवार युवक काफी दूर तक दे फेंका गए थे। इस हादसे के बाद घायल हुए दोनों युवक सड़क पर ही तड़प रहे थे। कुछ देर बाद जब राहगीर यहां से गुजरे तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि, जवानों को युवकों के घायल होने की जानकारी मिली थी। जवान मौके पर पहुंचे तब तक दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया था। जिसके बाद दोनों के शव को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज लाया गया है। यह दोनों युवक किस गांव के रहने वाले हैं पुलिस इस बात का पता लगा रही है।

सियासी बिसात पर शिवसेना के सामने पहचान का संकट, भाजपा

पता नहीं किसने कहा, लेकिन महाराष्ट्र की सत्ता-पलट को लेकर किसी ने यह अवश्य कहा कि यह सब बाबा 'भोले की कृपा' है कि चालीसा के दिनों में चालीस इधर आ गए! आप लाख कोसें कि महाविकास आघाड़ी सरकार को भाजपा ने साजिश रचकर गिराया। पहले ईडी, सीबीआई से डराया। जो डर गए, वे सरकार के विरोध में आ गए और भाजपा ने सरकार तोड़कर अपना पिट्ठू सीएम बिठा दिया और खुद डिप्टी सीएम लेकर अपनी उदारता का पाखंड रच रही है... लेकिन जो हुआ उसे एक दिन तो होना था!

बाला साहब के इतिहास को जानने वाले जानते हैं कि हिंदुत्व का पहला खुला और उग्रतापूर्ण दावा यदि किसी ने किया, तो बाला साहब ठाकरे ने ही किया। शिवसेना इसी हिंदुत्व के एक्शन का 'ब्रांड प्रोडक्ट' थी। बाला साहब वीर सावरकर के जीवन और उनके हिंदुत्ववादी विचार से खास प्रेरित थे।

हमारा मानना है कि उद्धव सरकार को भाजपा ने नहीं गिराया, गिराया तो बाला साहब के 'हिंदुत्व के विचार की वापसी' ने गिराया। शिंदे ने बार-बार कहा कि हम सरकार में बाला साहब ठाकरे के हिंदुत्व की बहाली चाहते हैं, जिसे उद्धव ने बिसरा दिया है और जिसकी वजह से शिवसेना की पहचान संकट में है, उसके हिंदुत्व का विचार संकट में है। वह भी कांग्रेस-एनसीपी जैसी बनी जा रही है। इस कारण जमीनी शिवसेना कार्यकर्ता परेशान हैं। विधायक परेशान हैं कि अब क्या मुंह लेकर जनता के बीच जाएं?

शिंदे के समर्थकों ने तो उद्धव को संकेत भी दिया था कि सर जी, नीचे आग लगी है, कुछ करिए! साफ है, महाराष्ट्र में जितनी कुर्सी की लड़ाई दिखती है, उससे अधिक वह एक विचारधारात्मक लड़ाई भी रही है, जिसके केंद्र में बाला साहब वाला 'हिंदुत्ववाद' है और अब उसी ने पलटकर उद्धव को हराया और हटाया है। इसीलिए शिंदे का बार-बार यही कहना रहा कि उद्धव महाविकास आघाड़ी को छोड़ें और भाजपा से मिलकर सरकार बनाएं, क्योंकि दोनों ही 'हिंदुत्ववादी' पार्टी हैं, क्योंकि दोनों का 'गोत्र' और 'डीएनए' एक है। बाला साहब के इतिहास को जानने वाले जानते हैं कि हिंदुत्व का पहला खुला और उग्रतापूर्ण दावा यदि किसी ने किया, तो बाला साहब ठाकरे ने ही किया। शिवसेना इसी हिंदुत्व के एक्शन का 'ब्रांड प्रोडक्ट' थी। बाला साहब वीर सावरकर के जीवन और उनके हिंदुत्ववादी विचार से खास प्रेरित थे, साथ ही वह शिवाजी महाराज को अपना आदर्श मानते थे और शिवाजी वाली 'हिंदू पद पादशाही' की बहाली के सपने देखते थे और हिंदुत्व को लेकर उनके यहां कोई 'लाग लपेट' या 'किंतु-परंतु नहीं था। उनका 'हिंदुत्व' सीधा और दो टूक 'हिंदुत्व' था, जिसके आगे कई बार संघ और भाजपा तक श्रीहीन से दिखा करते थे। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान की टीम दिल्ली में मैच खेलने वाली है कि आदेश होता है कि 'पिच' खोद दो और शिवसेना कार्यकर्ता रातोंरात पिच खोद देते हैं। बाद में कांय-कांय होती है, तो होती रहे। बेधड़क बाला साहब स्वयं एक डर का नाम थे और उनका डर ही रूल करता था। शिवसेना उस डर और वैसे एक्शन का प्रतीक थी। महाराष्ट्र में सरकार किसी दल की भी रहती, लेकिन जमीन पर हुकुम बाला साहब ठाकरे का ही चलता और उनके कार्यकर्ताओं का 'एक्शन' चलता। जब तक वह रहे, तब तक वही रहे। ऐसे 'जल्लोजलाल' वाला संगठन अगर एक दिन कांग्रेस-एनसीपी की गोद का पालतू बन जाए और जिसका नेता कांग्रेस-एनसीपी के नेताओं से सलाह मांगता दिखे - यह अपनी हिंदुत्ववादी पहचान पर इतराने वाले आम शिवसैनिक के लिए कोई गर्व की बात नहीं रही होगी। सच तो यह है कि यह शिवसेना के 'सैन्यत्व' का पतन था, क्योंकि जिस 'काडर' का गली-गली हुकुम चलता था, वह अब हर कदम पर 'किंतु-परंतु' करता दिखता था, बल्कि उन पर वार करता दिखता था, जो गरम हिंदुत्व के नए पदातिक बन रहे थे, जैसे कि कंगना या राणा! संयुक्त सरकारें अक्सर एक समान विचार वालों से बना करती हैं। एकदम विपरीत विचार एक साथ आते हैं, तो कभी सहज नहीं रह सकते। वे तो टकराते ही हैं और संकट बुलाते ही हैं। यही हुआ शिवसैनिकों में। जो एक-एक इंच जमीन 'हिंदू हृदय सम्राट' के नाम पर जीती थी, वही खतरे में आने लगी। शिवसेना की पहचान ही बदरंग होने लगी। यही सबसे बुनियादी कारण रहा कि शिंदे और उन जैसे अन्य शिवसेना विधायक बाला साहब के 'मूल हिंदुत्व' की वापसी का दावा करने लगे, जबकि उद्धव इसे सिर्फ कुर्सी की लड़ाई ही समझते रहे। विद्रोही विधायक जान गए कि इस 'आघाड़ी' सरकार के चक्कर में शिवसेना की हिंदुत्ववादी पहचान ही खत्म हुई जा रही है। स्पर्धात्मक जनतंत्र में अगर एक बार आपकी पहचान में पानी मिलता है, तो पब्लिक के लिए आप अपने को बेपहचान हुआ समझते हैं। उद्धव शिवसेना की पहचान के इस गंभीर नुकसान को समझ न पाए। वह 'संयुक्त मोर्चा सरकार' चलाने की उस 'कुटिल नीति' यानी 'यूनिटी स्ट्रगल यूनिटी' की नीति से अनभिज्ञ ही रहे, जो कहती है कि 'दूसरों की कीमत पर अपनी पहचान आगे बढ़ाओ, अपनी कीमत पर दूसरों को न बढ़ने दो।'

सुधीश पचौरी

संपादकीय

श्रीलंका की लाचारी

श्रीलंका की स्थिति कहीं ज्यादा गंभीर है। समस्या सिर्फ यह नहीं है कि यहां जरूरी चीजों का अभाव है। बल्कि असल बात है कि देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने पिछले दिनों अपनी लाचारी जताई। मुमकिन है कि यह उनका सियासी दांव हो, लेकिन उनके बयान ने देश को और भयभीत कर दिया है। विक्रिमसिंघे ने कहा कि श्रीलंका की स्थिति उससे कहीं ज्यादा गंभीर है, जितना आम तौर पर दुनिया को मालूम हो सका है। उनके मुताबिक श्रीलंका में समस्या सिर्फ यह नहीं है कि यहां जरूरी चीजों का अभाव है। बल्कि असल बात है कि देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। विक्रमसिंघे को प्रधानमंत्री बने सवा महीना गुजर चुका है। जाहिर है, देश के बेसब्र लोग उनसे जवाब मांग रहे हैं। तो ये जवाब उन्होंने इस रूप में दिया। उन्होंने रणनीति अपनाई कि अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय लोगों की अपेक्षाएं गिरा दी जाएं, , ताकि दिक्कतों को दूर कर पाने की उनकी नाकामी पर लोग सवाल खड़े ना करें। हकीकत यही है कि बीते सवा महीने में भी स्थिति में तनिक भी सुधार नहीं हुआ है। दरअसल, आर्थिक संकट का खराब असर अब मध्य वर्ग पर भी दिखने लगा है। गरीब तबकों के भुखमरी का शिकार होने की खबरें पहले से आ रही थीं। अब आंच मध्य वर्ग तक पहुंच गई है। खुद श्रीलंका के विशेषज्ञों ने कहा है कि मध्य वर्ग को इस समय ऐसा धक्का लगा है, जैसा पिछले तीन दशक में कभी नहीं हुआ। विशेषज्ञों के मुताबिक श्रीलंका की दो करोड़ 20 लाख आबादी का 15 से 20 फीसदी हिस्सा मध्य वर्ग में शामिल माना जाता है।

द्रौपदी मुर्मु के प्रतीक से क्या बदलेगा?

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पार्टी की नेता द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। पूरे देश में इस बात की चर्चा हो रही है कि देश में पहली बार कोई अदिवासी राष्ट्रपति बनेगा और वह भी महिला आदिवासी! यह सचमुच गर्व और संतोष करने वाली बात है कि देश के सबसे हाशिए पर के समूह का कोई व्यक्ति देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठेगा। लेकिन सवाल है कि इससे क्या बदल जाएगा?

क्या इससे देश के आदिवासियों की दशा में सुधार होगा? क्या जल, जंगल और जमीन की उनकी लड़ाई को कामयाबी मिलेगी? क्या नक्सली होने का ठप्पा उनके ऊपर से हट जाएगा? क्या विकास के नाम पर विस्थापित किए गए लाखों आदिवासियों को उनकी जमीनें वापस मिल जाएंगी? क्या वन संपदा पर उनका अधिकार मान लिया जाएगा? क्या उनके घर उजाड़ कर घने जंगलों में चल रही माइनिंग बंद हो जाएगी? ऐसी कोई भी उम्मीद करना बेमानी है।

इससे पहले भाजपा ने उत्तर प्रदेश के दलित समुदाय से आने वाले रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया था तो क्या उत्तर प्रदेश या देश के दूसरे हिस्सों में दलितों की स्थिति में सुधार हुआ? क्या यह सच नहीं है कि दलित होने की वजह से रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति होने के बावजूद एक मंदिर में घुसने से रोक दिया गया था? क्या देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे दलित राष्ट्रपति ने हाल की यह खबर देखी है कि एक व्यक्ति ने जोमाटो से खाना मंगवाया था और जब उसे पता चला कि खाना लाने वाला दलित है तो उस व्यक्ति ने न सिर्फ खाना लेने से इनकार कर दिया, बल्कि डिलीवरी ब्वॉय के मुंह पर थूक दिया? क्या दलित राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के स्कूल में सवर्ण बच्चों के दलित बच्चों के साथ खाना नहीं खाने वाली खबर देखी थी? दलित उत्पीड़न की ऐसी अनेक खबरें हर दिन आती हैं। दलित राष्ट्रपति बनाने से समाज में कुछ नहीं बदला। हां, दलितों को झूठे गर्व का अहसास दिला कर वोट की राजनीति जरूर साधी गई।

उससे भी पहले जब एनडीए को पहली बार राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का मौका मिला था तब उसने एपीजे अब्दुल कलाम को उम्मीदवार बनाया था। यानी दलित और आदिवासी से पहले भाजपा ने मुस्लिम राष्ट्रपति बनवाया। लेकिन क्या देश में उससे मुसलमानों की स्थिति में कोई सुधार हुआ? देश के मुसलमान की स्थिति छोड़े, क्या भाजपा का मुसलमानों के प्रति नजरिया बदला? पहला मौका मिलने पर मुस्लिम राष्ट्रपति बनवाने वाली भाजपा हर लगभग मुस्लिम प्रतीक का विरोध करती है और एक पूरे समुदाय को खलनायक बनाने में लगी है।

देश के एक दर्जन राज्यों में भाजपा की सरकार है लेकिन कुल सरकारों को मिला कर सिर्फ एक मुस्लिम मंत्री है। केंद्र में भी सिर्फ एक मुस्लिम मंत्री हैं, जिन्हें अगले महीने के पहले हफ्ते में रिटायर हो जाना है। उसके बाद केंद्र सरकार में कोई मुस्लिम मंत्री नहीं रहेगा। सो, चाहे मुस्लिम उम्मीदवार हो या दलित और आदिवासी हो, इसका सिर्फ प्रतीकात्मक महत्व है, जिसका राजनीतिक इस्तेमाल होता है। इस तरह के फैसले देश की राजनीति का आईना भी होते हैं, जिनसे पता चलता है कि भारत में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग किस तरह से फैसला करते हैं और उनके मुख्य सरोकार क्या होते हैं।

असल में भारत में फैसले हमेशा शीर्ष पर बैठे व्यक्ति के इलहाम से होते हैं। उसे एक दिन ख्याल आता है कि बड़े नोट बंद कर देने चाहिए तो वह बंद कर देता है। उसे एक दिन इलहाम होता है कि सवा दो सौ साल से सेना में जिस तरीके से भर्ती हो रही थी उससे खर्च बहुत बढ़ रहा है इसलिए बिना पेंशन के सिर्फ चार साल के लिए सैनिक बहाल किए जाएं तो वह इसका फैसला कर देता है।

हरिशंकर व्यास

मिला जुला

कुछ दिनों की खामोशी के बाद

रूस ने फिर बोला यूक्रेन पर हमला, 21 की मौत

महीने से चल रहा विनाशकारी युद्ध लगातार घातक होता जा रहा है

नई दिल्ली। रूस ने कुछ दिनों की शांति के बाद एक बार फिर यूक्रेन के दक्षिण तटीय शहर ओडेसा पर बड़ा हमला बोला. इस हमले में 21 लोगों के मरने और दर्जनों लोगों के घायल होने की सूचना है. रूस और यूक्रेन के बीच पिछले 4 महीने से चल रहा विनाशकारी युद्ध लगातार घातक होता जा रहा है. रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के तटीय शहर ओडेसा पर ताबड़तोड़ मिसाइल दागीं. इन हमले में 21 लोगों की मौत की सूचना है. वहीं बड़ी संख्या में शहर की इमारतें मलबे के ढेर में बदल गईं.

यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने इस हमले के बारे में विस्तार से जानकारी दी. यूक्रेन ने कहा कि रूसी बमवर्षक विमानों ने शुक्रवार को 3 एक्स-22 मिसाइलें दागीं. ये मिसाइलें एक बिल्डिंग और 2 राहत कैंपों पर गिरीं. यूक्रेन की मीडिया के मुताबिक घटना में कई बच्चों समेत 21 लोग मारे गए. जबकि 6 बच्चों समेत 40 लोग घायल हो गए. वहीं रूस ने दावा किया कि उसने किसी भी रिहायशी इमारत को निशाना नहीं बनाया है.

स्नेक आईलैंड से पीछे हटा रूस

इस हमले से पहले रूस के सैनिकों ने काला सागर के बीच स्थित यूक्रेन के स्नेक आईलैंड को खाली कर दिया था. रूस ने इसे सदभावना संकेत बताया था. वहीं यूक्रेनी सेना ने दावा किया था कि उसके मिसाइल हमलों से डरकर रूसी सैनिक 2 स्पीड बोट में बैठकर वहां से भाग गए थे. रूस के स्नेक आइलैंड से हट जाने के बाद यूक्रेन ने राहत की सांस ली थी.

कन्हैयालाल केस

IG-SP के बाद 4 पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई

उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड में राजस्थान सरकार ने एसपी और आईजी को हटाने के बाद चार पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है. डीजीपी एमएल लाठर ने आदेश जारी कर एएसपी सिटी अशोक मीणा, सर्किल ऑफिसर ईस्ट जितेंद्र आंचलिया,सूरजपोल एसएचओ लीलाधर मालवीय को सस्पेंड कर दिया. इन अधिकारियों को इसलिए सस्पेंड किया है क्योंकि कन्हैयालाल की ही तरह एक व्यापारी को हत्या की धमकी मिलने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की. दरअसल, व्यापारी को भी नुपुर शर्मा मामले में गिरफ्तार करने के बाद बेल मिली थी और बार-बार उसी तरह धमकियां मिल रही थीं, जैसे कन्हैयालाल को मिली थीं. व्यापारी ने दुकान बंद करके शहर छोड़ दिया था, बताया जा रहा है कि कन्हैया के हत्यारे उसे भी मारने के लिए ढूंढ रहे थे।

हत्या की धमकी देने वालों की धरपकड़ शुरू

उधर, कन्हैया लाल की हत्या के बाद नुपूर शर्मा मामले में हत्या की धमकी देने वाले सभी लोगों की धड़पकड़ राजस्थान में शुरू हो गई है.पुलिस की मौजूदगी में बूंदी में धमकी देने वाले दोनों मौलानाओं मुफ्ती नदीम अख्तर और मोहम्मद आलम राजा गौर को गिरफ्तार करके 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. अजमेर दरगाह के बाहर 17 जून को भड़काऊ नारे लगाने के मामले में 13 दिन बाद 4 लोगों को गुरूवार को गिरफ्तार किया था जिसमें दो लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है।

दक्षिणी ईरान में भूकंप के तेज झटके

5 लोगों की मौत, 44 घायल, इमारत हुए तबाह

तेहरान। पश्चिमी एशिया के देश ईरान में शनिवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. इसमें करीब पांच लोगों की मौत हो गई और 44 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं. इसके साथ ही, इमारतों और सार्वजनिक संपत्तियों को भी नुकसान होने की खबर है. भूकंप के प्रमुख केंद्र के पास राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है और बचाव दल के लोगों को तैनात कर दिया गया है। मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, दक्षिणी ईरान में शनिवार तड़के 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिस कारण पांच लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य लोग घायल हो गए. सरकारी टेलीविजन चैनल ने बताया कि भूकंप का केंद्र ईरान की राजधानी तेहरान से करीब 1,000 किलोमीटर दक्षिण में स्थित सायेह खोश गांव में था. गांव के पास बचाव दल तैनात किए गए हैं।

पाकिस्तान का बुरा हाल, पेट्रोल 250 रुपये लीटर के पार!

नई दिल्ली। नकदी की समस्या से जूझ रहे पाकिस्तान में एक बार फिर से ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है. पाकिस्तानी वित्त मंत्रलाया द्वारा जारी एक नोटिफिकेशन के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल, मिट्टी के तेल और हल्के डीजल तेल पर पांच रुपये प्रति लीटर पेट्रोलियम लेवी लगाई है. इस वजह से ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है. साथ ही पेट्रोलियम प्रोडक्ट की कीमतों में भी भारी इजाफा हुआ है.

कितना हुआ मंहगा

पाकिस्तान सरकार के इस फैसले के बाद पेट्रोल की कीमत 14.85 रुपये लीटर बढ़कर 248.74 रुपये प्रति लीटर हो गई है. हाई-स्पीड डीजल की कीमतों में 13.23 रुपये और मिट्टी के तेल में 18.83 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है. पाकिस्तान में अब हाई स्पीड डीजल 276.54 रुपये प्रति लीटर हो गया है. मिट्टी का तेल 230.26 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है।

ठाकरे और शिंदे के बीच सुलह के पक्ष में शिवसेना के सांसद, बीजेपी का दावा- 12 पाला बदलने को तैयार

मुंबई। एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों के दम पर बीजेपी के समर्थन से सरकार बना ली. इसी बीच बीजेपी के नेता ने दावा किया है कि शिवसेना के 19 सांसदों में से 12 पाला बदलने के लिए तैयार है।

इसी बीच शिवसेना के सांसदों के एक गुट ने शुक्रवार को पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ सुलह करने के लिए कहा है.

एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी के एक केंद्रीय मंत्री ने दावा किया है कि शिवसेना में बगावत का असर सांसदों पर भी पड़ेगा. उन्होंने कहा, शिवसेना के 19 सांसदों में कम से कम एक दर्जन सांसद पाला बदलने के लिए तैयार हैं.

उधर, उद्धव ठाकरे ने शिवसेना के सांसदों की शुक्रवार शाम को बैठक बुलाई थी. शिवसेना के सूत्रों के मुताबिक, मीटिंग में शिवसेना के वरिष्ठ नेता ने भी पार्टी के हित में शिंदे के नेतृत्व वाले बागी गुट से सुलह करने की सलाह दी. हालांकि, इस पर ठाकरे ने क्या जवाब दिया, यह अभी सामने नहीं आया है. इस बैठक में तीन सांसद मौजूद नहीं थे. एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे, भावना गवली और ठाणे से सांसद राजन विचारे मीटिंग में नहीं पहुंचे. भावना गवली अभी ईडी की रडार पर हैं. शिवसेना के लोकसभा में 19 सांसद और राज्यसभा में 3 सांसद हैं. कल्याण से दो बार सांसद रहे शिंदे के बेटे श्रीकांत पहले ही अपने पिता वाले गुट के साथ जुड़े हैं. वहीं, यवतमाल से पांच बार की सांसद भावना गवली ने उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर बागी गुट की हिंदुत्व से संबंधित शिकायतों पर विचार करने की अपील की थी. ठाणे से सांसद राजन विचारे भी शिंदे की आनंद दीघे को मानने वाले हैं. गवली एक गैर-सरकारी संगठन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों को लेकर प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर हैं. वहीं, शिंदे के बेटे श्रीकांत अभी बागी विधायकों के साथ गोवा में ठहरे हुए हैं. बताया जा रहा है कि शिवसेना के सांसद अभी असमंजस की स्थिति में हैं, क्योंकि उनके क्षेत्र के शिवसेना विधायक शिंदे खेमे में हैं.

हालांकि, शिवसेना के लोकसभा में नेता विनायक राउत ने कहा, बगावत का असर शिवसेना के संसदीय दल पर नहीं पड़ेगा. उस्मानाबाद से लोकसभा सांसद ओमराजे निंबालकर ने भी कहा कि वह ठाकरे के साथ हैं और शिवसेना प्रमुख के निर्देशों के अनुसार 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट देंगे.

नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के खिलाफ याचिका

पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने किसी तरह की राहत देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने नूपुर की टिप्पणियों पर गहरी नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई और कहा कि आज जो कुछ भी देश में हो रहा है, उसके लिए यह अकेली महिला जिम्मेदार हैं। इनकी बदजुबानी ने देश को आग में झोंक दिया। इस बीच, नूपुर शर्मा की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों को लेकर देश के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा के सामने एक याचिका दायर की गई है।

चंद घंटे के अंदर आरोपी एवं उसके 02 सहयोगी गिरफ्तार

घटना के 8 घंटे के अंदर ही सरायपाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जप्त घटना में प्रयुक्त एक चाकू एवं 02 नग मोटर सायकल

पुलिस अधीक्षक महासमुंद विवेक शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंबुलकर साहू एवं एसडीओपी सरायपाली विकास पाटले के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद के अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के मुहिम के तारतम्य में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को जिले में होने वाले अपराधो पर अंकुश लगाने एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था इसी क्रम में थाना सरायपाली में 01 जुलाई 2022 को प्रार्थी सूचक धरमसिंह चौहान पिता संतोष चौहान निवासी वार्ड नंबर 15 महलपारा सरायपाली द्वारा थाना सरायपाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 01जुलाइं 2022 के शाम करीबन 6 बजे इसका लड़का दुष्यंत चौहान, भतीजा लक्ष्मण चौहान और नाती अंकित चौहान तीनों पैदल मेला देखने के लिये राजमहल मैदान सरायपाली गये थे। मेला से जाते समय रात करीबन 08 बजे राजमहल से पीछे गणेश जायसवाल निवासी संजयनगर सरायपाली ने पुरानी रंजिश को लेकर इसके पुत्र दुष्यंत चौहान को धारदार चाकू से मारकर हत्या कर दिया है जिससे उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सरायपाली में मर्ग इंटिमेशन कायम कर मर्ग पर से धारा 302 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना सरायपाली पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर तत्काल रवाना किया गया। आरोपी के पता तलाश के दौरान मुखबिर से आरोपी गणेश जायसवाल को योगेश जायसवाल द्वारा मोटर सायकल में बिठाकर बरमकेला तरफ जाने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम बरमकेला तरफ रवाना हुआ रास्ते में योगेश जायसवाल मोटर सायकल क्र. सीजी 06जीएस 0150 से आते दिखा जिसे रोककर आरोपी के संबंध में पुछताछ किया गया जिस पर वह आरोपी को उसके मामा गांव ग्राम खैरगड़ी थाना सरिया जिला रायगढ़ उसके मामा यहां छोड़ना बताया। जिस पर योगेश जायसवाल को साथ लेकर ग्राम खैरगड़ी रवाना होकर आरोपी के मामा के यहां दबिश दिये जिस पर आरोपी के वहां से अन्यत्र कहीं चले जाना पता चलने पर आरोपी का आसपास पता तलाश किया गया। पता तलाश के दौरान आरोपी को विग्नेश महापात्र के साथ मोटर सायकल क्र. सीजी 13एम 7722 से भागते देखा गया। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी गणेश जायसवाल को पुछताछ करने पर हत्या करना स्वीकार किया तथा योगेश जायसवाल एवं विग्नेश महापात्र द्वारा आरोपी को भगाने में सहयोग करना पाया गया। आरोपी गणेश जायसवाल से घटना में प्रयुक्त चाकू को जप्त किया गया तथा योगेश जायसवाल एवं विग्नेश महापात्र द्वारा घटना में प्रयुक्त उक्त दोनों मोटर सायकल को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपीगण, गणेश जायसवाल पिता तीरथराम जायसवाल उम्र 21 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 04 संजयनगर थाना सरायपाली, योगेश जायसवाल पिता तीरथराम जायसवाल उम्र 22 साल साकिन संजयनगर सरायपाली एवं विग्नेश कुमार महापात्र पिता कन्हैया महापात्र उम्र 25 वर्ष साकिन खैरगढ़ी थाना सरिया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर किया गया। उक्त आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा के लिये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जावेगा। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष वासनिक, उप निरीक्षक विनोद नेताम, उप निरीक्षक अनिल पालेश्वर, मप्र आर, हेमाद्री देवता, योगेंद्र दुबेए कमल जांगड़े, योगेंद्र बंजारे, मानवेंद्र ढीढी, दिनेश बुड़ेक, अनंत गेंड्रे, शिवशंकर राज प्रकाश साहू, अमित जायसवाल, अनिल मांझी व समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

एक नजर

उम्रदराज दो महिलाओं के साथ अमर्यादित हरकत पर जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

58-58 साल की दो महिलाओं के साथ अश्लील हरकत के आरोपियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पहली घटना महासमुंद आरक्षीत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेमचा की रहने वाली 58 वर्षीया महिला अपरान्ह 4.30 बजे मौलीभाटा खार स्थित खेत में गई हुई थी। इसी दौरान ग्राम बेमचा के ही पुरुषोत्तम पिता मनहरण साहू द्वारा प्रार्थिया की लज्जा भंग करने की नियत से, ना केवल हाथ बाह पकड़ा गया। तथा हाथ मुक्के से मारपीट की गइ और जान से मारने की धमकी भी दी गई। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आरोपी पुरषोत्तम के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 323 और 506 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरी घटना बसना थाना अंतर्गत ग्राम छोटे ढाबा की है। यहां की रहने वाली 58 वर्षीया महिला रात्रि 9.30 बजे अपने घर पर सोई हुई थी। इसी दौरान ग्राम का ही रहने वाला मनोहर पिता खेमराज चौहान खिड़की के रास्ते घर में घुसा और महिला के साथ जोर जबरदस्ती करने लगा। इस पर महिला ने उसे धक्का देकरए घरवालों को आवाज दी। आवाज सुनकर उसका भतीजा पहुंचा तो उसे देखते ही मनोहर वहा से भाग खड़ा हुआ। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 354 और 456 के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

दो की संदिग्ध मौत, एक नहर किनारे दूसरा सड़क किनारे पाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र में दो लोगों की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। एक व्यक्ति का शव ग्राम अंतरला में पहाड़ी के नीचे नहर किनारे पाया गया। 55 वर्षीय मृतक की शिनाख्त नुराधन छतर पिता जाधव ग्राम कस डाल चौकी बलौदा के रूप में की गई है। मृत्यु का कारण अज्ञात है। ग्राम अंतरला के राजेंद्र महारि की सूचना पर सरायपाली पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। दूसरी लाश सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम सूखापाली के सड़क किनारे बरामद हुई है। अज्ञात व्यक्ति की आयु 50 साल बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में जी मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

कवर्धा बंद को सभी लोंगों का मिला समर्थन

कवर्धा । राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल साहू के हत्या के मामले में पूरा भारत जहां बंद रहा वहीं छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के आह्वान पर कवर्धा भी पूरी तरह से बंद रहा इस दौरान सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे, हालांकि यात्री वाहन चल रहे थे जिससे यात्रियों को परेशानी नहीं हुई वहीं निजी स्कूल भी पूरी तरह से बंद रहे वहीं बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता हैं शहर में घूम कर सभी से बंद को सफल बनाने अपना समर्थन भी मांगा, वही दूसरी ओर मुस्लिम समाज ने अपनी दुकानें बंद रखी,वही दूसरी ओर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए है कही पर भी अप्रिय घटना न , संवेदनशील इलाकों में भी सुरक्षा के इंतजाम किए है बेरिकेट्स भी लगाए गए, साथ ही चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने भी इस बंद का समर्थन किया है ।

धमतरी बंद : सर्व समाज का मिला समर्थन

भारतीय जनता पार्टी ने दिया बंद को समर्थन

धमतरी । भारत जैसे शांतिप्रिय लोकतांत्रिक देश मे धार्मिक उन्माद फैलाने के अंतर्राष्ट्रीय एजेंडे के तहत ढ्ढस्ढ्ढस् जैसे आतंकवादी संगठनों द्वारा लगातार ऐसी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है जिससे भय का वातावरण निर्मित हो । राजस्थान के उदयपुर मे एक मासूम व्यवसायी कन्हैयालाल जो कि दर्जी का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था उसको महज सोशल मीडिया मे डाली गयी एक पोस्ट के लिये सार्वजनिक रूप से चुनौती देकर न सिर्फ सरेआम उसकी गर्दन काट दी जाती है बल्कि उन नर पिशाचों द्वारा उस अमानुषिक कृत्य का वीडियो बना कर सार्वजनिक रूप से देश के प्रधानमंत्री तक की हत्या की धमकी देने का दुस्साहस किया जाता है । राजस्थान मे पिछले कुछ महीनों मे करौली, जयपुर इत्यादि स्थानों पर लगातार धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास किया गया है । शासन और प्रशासन के लचर रवैये से ऐसे तत्वों का हौसला लगातार बढ़ता जा रहा है । सीमा पार से ऐसे देशद्रोही ताकतों को ऐसी वारदातों को अंजाम देने मे सभी प्रकार के सहयोग दिये जाने की बात जाँच मे सामने आ रही है । शर्मसार कर देनी वाली इस घटना से समूचा देश आहत है । विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिंदू समाज द्वारा इस घटना के विरोध स्वरूप 2 जुलाई को छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया गया है । इसी तारतम्य मे धमतरी जिला मे भी 2 जुलाई को बंद का आव्हान किया गया है । बंद को सर्व समाज, चेंबर, स्कूल, व्यवसायी संघ, पेट्रोल पंप सहित सभी का समर्थन प्राप्त है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों की भर्ती हेतु चयन व प्रतिक्षा सूची जारी

अभ्यर्थी जिले के वेबसाइट में सूची का कर सकते है अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 13 विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार व कौशल परीक्षा 29 जून 2022 को आयोजित की गई थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं साक्षात्कार व कौशल दक्षता परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर अभ्यर्थियों की चयन तथा प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। जिसे जिले के वेबसाइट में अपलोड किया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ मंगलवार 05 जुलाई 2022 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिले के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 13 विभिन्न पदों में नियुक्त हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें फि जियोथेरेपिस्ट, रिहैबिलिटेशन वर्कर, एमओ आयुष मेल, एमओ आयुष फि मेल, एचडब्ल्यूसी संगवारी, ब्लड बैंक काउंसलर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम हेल्थ नर्स, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट, जूनियर, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट एनपीसीडीसीएस, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट एनव्हीबीडीसीपी एचडब्ल्यूसी डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद शामिल है।

चयनित अभ्यर्थियों को 05 जुलाई 2022 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में दस्तावेज सहित होना होगा उपस्थित

फूलों से सजे रथ में धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

रस्सी खींचने भक्तों में लगी रही होड़

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवीन बाजार से रथ यात्रा शुरू होकर नयापारा से होते हुए राम रथ यात्रा में शामिल होकर ज्योतिर्मय नंद महराज किसान नेता योगेश तिवारी ने लिया आशीर्वाद किसान नेता ने बताया कि हिंदू परंपराओं के अनुसार हर साल आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से रथयात्रा का आयोजन होता है। इस धार्मिक रथयात्रा का बड़ा महत्व है। मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने वाले हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है। यात्रा में शामिल हुए ज्योतिर्मय नंद महराज से किसान नेता योगेश तिवारी ने आशीर्वाद लिया। इस दौरान लेखमणी पान्डे, जितेंद्र शुक्ला, पीयूष शर्मा, अजय मिश्रा, तुषार राजपूत, सिद्धांत तिवारी चितेन्द्र वैष्णव सत्यम शर्मा शिवम दीवान, निखिल साहू, आदित्य अग्रवाल अमन शर्मा मृत्युंजय दुबेएवेदांत सोनी, भानु साहू आदि उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने पुलिस जांच नाका का किया शुभारंभ

कवर्धा । थाना रेंगाखार पुलिस को थाना क्षेत्राअंतर्गत अंतर्राज्यीय समावर्ती मार्ग से अवैध परिवहन की घुसपैठी पर रोक लगाने व अपराध पर अंकुश लगाने वरिष्ठ कार्यालयों के निर्देशों के परिपालन में अंतर्राज्जीय सीमावर्ती मार्ग में पुलिस जाँच नाका का प्रारंभ किया गया। जिसमें रेगाखार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरेण्डा निहारा जो कि सीमावर्ती राज्य मध्यप्रदेश के जिला बालाघाट के सीमा को जोड़ती है, जिस पर मुख्य अतिथि रहे केबिनेट मंत्री माननीय मोहम्मद अकबर (छत्तीसगढ के परिवहन , आवास एवं पर्यावारण वन ,खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री के द्वारा शुभारम्भ किया गया, जिसमें जिले के पुलिस कप्तान डॉ . लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मति मनीषा ठाकुर रावटे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पोटला जगदीश उईके, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल कौशल किशोर वासनिक, पुलिस अधीक्षक नक्सल पीआर कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव एवं थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बी . आर . सिन्हा एवं थाना स्टाप और थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिको के उपस्थित में जिले के सीमावर्ती सरहदी थाना रेंगाखार के ग्राम बरेण्डा निराहा में पुलिस जांच नाका का शुभारंभ किया गया ।

यात्री प्रतिक्षालय के पास सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथों पकड़े

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मना, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिदिन पूरे जिले में थाना। चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 30 जून 2022 को चौकी कंडरका पुलिस को जरिये मुखबीर के सुचना मिली कि ग्राम हसदा का विश्वनाथ डहरिया यात्री प्रतिक्षालय के पास आम हसदा के जगह में अंको पर से रूपया पैसो का हार जीत का दाव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख कर जुआ खेला रहा है कि सूचना पर चौकी कंडरका स्टाफ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया।

आरोपी को अंको पर से रूपया पैसो का हार जीत का दाव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथो पकड़े गये। जिसमें 1 प्रकरण में 1 आरोपी विश्वनाथ डहरिया पिता भागवत डहरिया उम्र 20 साल साकिन हसदा चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा के कब्जे से जुमला नगदी रकम 840 रूपये एवं सट्टा, पट्टी, डांट पेन जप्त कर 4, क, जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

आतंकियों ने कन्हैयालाल की नृशंस हत्या के विरोध में जनपद मुख्यालय खड़गवां में कैंडल मार्च निकाला गया

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

राजस्थान के उदयपुर में आतंकियों के द्वारा कन्हैयालाल की नृशंस हत्या के विरोध में जनपद मुख्यालय खड़गवां में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना को कायराना कृत्य बताते हुए कहा कि इस तरह की घटना को कोई भी सभ्य समाज बर्दास्त नहीं कर सकता है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है भारत वर्ष में न्याय के लिए पुलिस, न्याय पालिका है। लेकिन कानून को अपने हांथ में लेने का अधिकार किसी को भी नही है। भाजपाइयों द्वारा कैंडल मार्च के दौरान कन्हैयालाल के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राम प्रताप, अरुणोदय पांडेय, धनंजय पांडेय, रमेश जायसवाल, विजेंद्र देवांगन, गिरजा जायसवाल, ईश्वर साहू, विनोद गुप्ता, राहुल गुप्ता, पुष्पराज जायसवाल सहित काफी संख्या में स्थानियजन उपस्थित रहे।

कुनकुरी में शिक्षकों को अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित संचालन के संबंध में दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुनकुरी में चल रहे शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी योग्यता साहू के निर्देशन में नगर सेना के जवानों द्वारा उपस्थित शिक्षकों को अग्नि से सुरक्षा एवं अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यूडी मिंज, नगर सेना के सहायक उपनिरीक्षक शिवशंकर सोनपाकर, अग्निशमन दल से इंद्रजीत दास,महेंद्र भगत,अनिरूद्ध टोप्पो, सिंहासन खलखो एवं बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

लोन दिलाने के नाम पर शिक्षक शिवपद मल्लिक से 29 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर आईपीएसी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम द्वारा दोनों आरोपियों को गाजियाबाद उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। जहां से धरमजयगढ़ लाया गया। जिसमें मुख्य आरोपी अमितेश कीर्ति बी-टेक की पढ़ाई किया हुआ है जो शातिर तरीके से लेबर किस्म के लोगों के नाम से जारी सिम का उपयोग ठगी के लिये करता था। वर्ष 2019 से 2021 तक उसने धरमजयगढ़ में शिक्षक शिवपद मल्लिक को लोन दिलाने के नाम पर 29 लाख रूपये ठग लिया। पीड़ित शिक्षक को आरोपी द्वारा कुछ बांड पेपर दिया गया था। जो सही थे जिस कारण पीड़ित को ठगी का आभास नहीं हुआ और वह आरोपी के द्वारा बताये गये बैंक अकांउट में रूपये ट्रांसफ र करते रहा। पीड़ित शिक्षक जब पुलिस के संपर्क में आया तब पुलिस इस प्रकार से किसी को लोन नहीं मिलना बताये। तब शिक्षक को ठगी का अहसास हुआ। जिसके बाद अपने को ठगा महसूस कर शिक्षक द्वारा थाना धरमजयगढ़ में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। 29 मार्च 2022 को थाना धरमजयगढ़ में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अगस्त 2019 में घर बनाने के लिये होम लिया था। उसी दौरान आदित्य बिरला कंपनी का शाखी शर्मा नाम का व्यक्ति फोन कर बताया कि हमारी कंपनी 0: ब्याज पर ऋ ण देती है। उसके बाद आदित्य बिरला के मैनेजर राजीव अग्रवाल कॉल कर 8 लाख रूपये के ऋ ण के लिए वन टाईम इन्श्योरेन्स 51 हजार रूपये का बांड बनवाया। उसके बाद लोन राशि 8 लाख से 20 लाख रूपये के लिए विभिन्न टेंडेंसी बताकर लगभग 7 लाख रूपये का विभिन्न कंपनियों का जैसे भारतीय एक्शा, इंडिया फ स्ट, एडल वाईस, फ्यूचर जर्नली, एवं रेलीगर का इन्श्योरेन्स दिलाये। उसे बाद से कम्पनी के कई लोग जिसमें मैनेजर पंकज गर्ग, हेमंत शुक्ला, राजू अग्रवालएप सुरेन्द्र गोस्वामी व अन्य कई बार इन्श्योरेन्स कराये और टेंडेंसी क्लीयर के नाम पर रूपये ट्रांसफ र करने के लिये बोले। उनके झांसे में आकर 1 अगस्त 2019 से 27 अगस्त 2021 तक लगभग 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह राशि अपने एसबीआई बैंक खाता एवं एक्सिस बैंक के खाता से ऑनलाइन ट्रांसफ र किया है। यह रूपये एक्सीस बैंक से पर्सनल लोन एवं आईआईएफएल से होम लोन लेकर तथा मित्रों से कर्जा लेकर भरा है। थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 420 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा एवं आईपीएस प्रभात कुमार को डायरी का अवलोकन कर आगे की कार्यवाही करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। आईपीएस प्रभात कुमार द्वारा डायरी अवलोकन उपरांत पाये कि ठगी के दौरान उपयोग किए गए कई सिम बंद हो चुके हैं किंतु ठग द्वारा लगातार पीड़ित से संपर्क किया जा रहा है। आईपीएस प्रभात कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक को मामले से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा संदेही/ आरोपी की पतासाजी के लिए उत्तर प्रदेश आईपीएस प्रभात कुमार के नेतृत्व में टीम रवाना किया। सार्विलेंस के आधार पर पुलिस टीम गाजियाबाद के राजीवनगर पहुंची। आरोपियों के द्वारा उपयोग में लाये गये कई सिम अलग-अलग प्रांतों के थे किन्तु इसी दौरान पीड़ित शिक्षक को ठग द्वारा पुन: सम्पर्क किया गया जिसका लोकेशन सिम धारक गाजियाबाद में होना एवं सिम धारक का आईडी गाजियाबाद का ही होना पाया गया। जिस पर पुलिस टीम ने सिम जारीकर्ता ;रिटेलरद्ध हेमंत नाम के व्यक्ति से पूछताछ किया गया जो पुलिस का सहयोग कर बताया कि एक व्यक्ति उससे अभी तक आधा दर्जन से अधिक सिम अपने नाम से लिया है और वर्तमान में चलाये जा रहे सिम के बारे में जानकारी दिया। रिटेलर को संदिग्ध नम्बर की आईडी दिखाकर पहचान कराया गया जिसने फेटो देखकर पुष्टि करते हुये संदिग्ध को स्थानीय मजदूर और शराब का आदी होना बताया गया। इस दरम्यान लगातार संदिग्ध नम्बर का लोकेशन लेकर तत्काल मौके पर रवाना हुये। लेबर चौक कई हमाली हल्ला कर रहे थे। उसमें से एक युवक पुलिस को देख कर भाग रहा था जिसे पुलिस टीम हिरासत में लिया गया जो पूछताछ में अपना नाम अजय बताया जबकि अन्य लोग उसे सचिन होना बताये । पुलिस को उसकी गतिविधियां सही नहीं लगी। उसे हिरासत में लेकर हिकम्मत अमली से पूछताछ करने पर उसने हमाली का काम करना और एक लाल रंग कार वाले युवक के लिए सिम उपलब्ध कराना बताया जिसके एवज में इसे 3 सौ से 4 सौ मिलता था। पुलिस की टीम अब गुमनाम लाल रंग के कार मालिक की पता तलाश के लिए लगातार दो दिनों तक गाजियाबाद के कई कॉलोनियों के बिल्डिंग पार्किंग चेक की अथक प्रयास के बाद एक स्विफ्ट लाल रंग की कार गुलमोहर गार्डन राजनगर में मिला। जिसके मालिक के अपार्टमेंट में रायगढ़ पुलिस स्थानीय पुलिस के साथ दबिश दिया गया। संदिग्ध व्यक्ति अपार्टमेंट के बाहर अपने पालतू कुत्ते को छोड़ अंदर से कमरे का ताला बंद कर पुलिस को कोई सहयोग नहीं कर रहे थे। काफी प्रयास के बाद पुलिस अंदर प्रवेश की जहां युवक अमितेश कीर्ति कमरे में अपने आप को बंद कर लिया था और अपने लैपटॉप पर कुछ कार्य कर रहा था जिसका सचिन से पहचान कराये जिसने अमितेश कीर्ति को ही सिम उपलब्ध कराना बताया। आरोपी अमितेश कीर्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना का खुलासा हुआ। आरोपी अमितेश कीर्ति बताया कि वह बीटेक की पढ़ाई किया है। लोगों को लोन दिलाने के नाम पर इंश्योरेंस कराने का झांसा दिया करता था जबकि लोन की रकम नहीं देता था ऐसा करने के लिये वह सचिन के माध्यम से लेबर किस्म के लोगों के आईडी से लोगों से संपर्क कर उन्हें लोन देने और इंशारेंस कराने के नाम पर झांसा देता था। पुलिस टीम आरोपी अमितेश कीर्ति द्वारा पीड़ित को उपलब्ध कराया गया दस्तावेजों की जांच कर रही है कि उसके द्वारा इंश्योरेंस कराए गए बॉन्ड पेपर सही है या नहीं। पुलिस आरोपी के मोबाइल चेक करने पर पाई कि आरोपी लग्जरियस जीवन जीने का शौकीन रखता था। उसके हाल ही में कोच्चीए श्रीनगर टूरिस्ट प्लेस में भ्रमण की तस्वीरें मिली। उसके मोबाइल में आबू धाबी, चीन यात्रा करने बुक फ्लाइट टिकटें मिली है। उसको जानने वाले बताएं कि अमितेश अपनी एक महिला मित्र को एक लग्जरी कार भी गिफ्ट किया है। पुलिस टीम जांच कर रही है कि अमितेश रायगढ़ छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य कितने लोगों के साथ ठगी किया है। दोनों आरोपियों से उपयोग में लाये गये मोबाइल, सिम, आधारकार्ड की जप्ती कर के धरमजयगढ़ धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर धोखाधड़ी और आईटी एक्ट धारा 420, 34 120 बी 66, 68 डीआई एक्ट में न्यायिक रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया।

एडिशनल एसपी लखन पटले के विशेष मार्गदर्शन पर आईपीएस प्रभात कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम में उप निरीक्षक नंद कुमार पैंकरा, थाना प्रभारी कापू, उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम चौकी प्रभारी खरसिया, प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह, सायबर सेल रायगढ़, प्रधान आरक्षक नंदु सारथी थाना कोतवाली, आरक्षक किशोर राठौर थाना धरमजयगढ़, आरक्षक प्रदीप तिवारी थाना खरसिया शामिल थे।

एक नजर

शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन पर रहेगा फोकस : कलेक्टर

कोरबा जिले के 16वें कलेक्टर संजीव कुमार झा ने किया पदभार ग्रहण

कोरबा । कोरबा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर संजीव कुमार झा ने यहाँ जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर झा कोरबा जिले के 16वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये है। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर झा का स्वागत किया। पदभार ग्रहण के पश्चात कलेक्टर संजीव झा ने मीडिया कर्मियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होने जिले के विकास की गति को आगे बढाने के संबंध में कहा कि शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन पर फेकस रहेगा। साथ ही शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर जिलेवासियों को लाभान्वित करने पर जोर रहेगा। उन्होने कहा कि गौठानों को आजीविका गतिविधियों का केन्द्र बनाकर ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोडने के कार्यो को भी लगातार संचालित किया जाएगा। कलेक्टर झा के पदभार ग्रहण के अवसर पर एडीएम विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर अवध सिंह राणा, एसडीएम पोडी उपरोडा, एसडीएम कोरबा हरिशंकर पैकरा, एसडीएम कटघोरा कौशल प्रसाद तेंदुलकर, डिप्टी कलेक्टर भरोसाराम ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

शासकीय ईवीपीजी कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए दिनेश सोनी

प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर 2 साल के लिए हुए नियुक्त

कोरबा । शासकीय इंजी. विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर नगर पालिक निगम, कोरबा के वार्ड क्र.-11 नई बस्ती के पार्षद दिनेश सोनी को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ राज्य सरकार में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक विकास, स्कूल शिक्षा तथा सहकारिता एवं कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम की अनुशंसा पर 29 जून 2022 को कोरबा कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत् की गई है। दिनेश सोनी का अध्यक्षीय कार्यकाल पदभार ग्रहण करने के दिनांक से 2 वर्ष के लिए होगा।

जिले के तीन नये स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 10 तक आमंत्रित

कोरबा । कोरबा जिले में तीन नये स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इन स्कूलों में भर्ती के लिए 10 जुलाई 2022 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज ने बताया कि शासन की महत्वकांक्षी योजना अंतर्गत कोरबा जिले में वर्तमान सत्र हेतु 3 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालको, कोरबी एवं पसान की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त विद्यालयों में 10 जुलाई 2022 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक छात्र-छात्राएं लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

एबीवीटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए दो कनिष्ठ पर्यवेक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

कोरबा। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से जून माह में कनिष्ठ पर्यवेक्षक जगतराम साहू एवं दूजेराम आजाद सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति हो रहे कर्मचारी को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने कहा कि दोनों ही कर्मचारी कर्मठ एवं व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं। मुख्य अभियंता ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनीज की ओर से आभार जताया।

मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया के हाथों सेवानिवृत्ति जगतराम साहू एवं दूजेराम आजाद को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, आलोक लकरा, आरजी देवांगन, एसएन देवांगन एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कांफ्रेंस हाल में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अभियंता एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, आलोक लकरा एवं अधीक्षण अभियंता आरके नायक द्वारा जगतराम साहू एवं दूजेराम आजाद के सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया गया। जगतराम साहू की 25 अगस्त 1984 को विद्युत मंडल में प्रथम नियुक्ति हुई थी। उन्होंने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 37 वर्ष 10 माह 06 दिन की सेवाएं दी हैं। दूजेराम आजाद 23 अगस्त 1984 को विद्युत मंडल में नियुक्त हुए थे। उन्होंने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 37 वर्ष 10 माह एवं 07 दिन की सेवाएं दी हैं।

पुलिस बल कैम्प में स्थित जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा निकाली

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

प्रभावित क्षेत्र जगरगुण्डा, सुकमा में स्थित 165 बटा. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एस.के. शुक्ला उप. कमाण्डेंट,पवन कुमार सहायक कमाण्डेंट, तपस रॉय सहायक कमाण्डेंट मारुति बी. नायक सहायक कमाण्डेंट व सभी जवानों तथा थाना प्रभारी नरेंन्द्र दूबे व छत्तीसगढ़ पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सनातन संस्कृति के जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा में भाग लिया तथा जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा गांव से चलकर 165 बटा. केन्द्रीय रिजर्व, पुलिस बल कैम्प में स्थित जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर में समाप्त हुई। जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा में ग्रामीणों एवं के.रि.पुवबल के जवानों ने एक साथ मिलकर रथ को खीचा तथा 165 बटा. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा सभी ग्रमीणों और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए भण्डारा का आयोजन किया गया। 165 बटा. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कैम्प में प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा की झलक देखने को मिली।

खाद बीज की कमी को लेकर क्षेत्र के किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

मानसून आने के साथ ही सीतापुर के किसान खेती किसानी में जुड़ गए हैं। परंतु उनके पास खाद बीज की विकट समस्या बनी हुई है। आपको बता दें कि सीतापुर क्षेत्र में किसानों को सोसाइटी से ना ही पर्याप्त मात्रा में खाद मिला है और ना ही बीज मिल रहा है, जिससे सीतापुर क्षेत्र के किसान काफी चिंतित है कि उनकी खेती किसानी कैसे होगी। किसानों का कहना है कि खेती-किसानी समय के साथ चलती है। अगर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होता है। तो हमें खेती करने में बहुत ज्यादा परेशानी होगी। इस बात को लेकर आज सीतापुर क्षेत्र के समस्त किसानों ने, एसडीएम कार्यालय का घेराव किया, तथा खाद बीज की कमी से अवगत कराया, तथा किसानी के द्वारा एसडीएम साहब को खाद बीज की कमी को दूर करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही किसानों ने कहा कि यदि हमें समय रहते पर्याप्त मात्रा में खाद बीज सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जाती तो आने वाले दो-तीन दिनों में हमारे द्वारा काफी उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने कहा कि हमारे जीने का मूल आधार कृषि है। यदि सही खाद और सही बीज हमें उपलब्ध नहीं होता तो हमारे कृषि पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ेगा। एसडीएम साहब के माध्यम से हमने सरकार से अनुरोध किया है कि हमारी समस्याओं को देखते हुए हमें पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराएं, जिससे हम अच्छी फ सल का लाभ ले सके, वही सीतापुर एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो का कहना है कि हम किसानों की समस्याओं को यथा शीघ्र हल करने का प्रयास कर रहे हैं हमारे द्वारा अधिक से अधिक मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। कुछ समय लग रहा है लेकिन इस समस्या का निराकरण जल्दी ही कर दिया जाएगा।

अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

आबकारी एक्ट के मामले में 16 पौवा अंग्रेजी शराब जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिण्पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अतिण्पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मना, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिदिन पूरे जिले में थाना।

चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 30 जून 2022 को चौकी देवरबीजा पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि देवरबीजा का परमानंद बंजारे अपने पास अवैध रूप से धन अर्जित करने की नियत से शराब रख कर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर चौकी देवरबीजा स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकडा गया। जिसमें 01 प्रकरण में 01 आरोपी परमानंद बंजारे पिता आशाराम बंजारे उम्र 21 साल साकिन वार्ड नं. 20 देवरबीजा चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के कब्जे से 16 पौवा अंग्रेजी शराब 2,880 कीमती 1920 रूपये, बिक्री रकम 600/ रूपये कुल जुमला रकम 2,420 रूपये को आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक डिग्री लाल सोना, आरक्षक प्रवीण वर्मा, रमेश चंद्रवंशी, रामेश्वर पटेल, बसंत यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

कन्हैया की हत्या के विरोध में बंद रहा महासमुंद जिला, अभूतपूर्व बंद में शांति रही बरकरार



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

उदयपुर के टेलर कन्हैया की हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा आहूत छत्तीसगढ़ बंद के तहत आज महासमुंद शहर पूर्णत: बंद रहा। महासमुंद बंद के लिए कल सर्व हिंदू समाज द्वारा बंद रखे जाने का आव्हान किया गया था। जिसे चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भी अपना समर्थन दिया था। भारतीय जनता पार्टी द्वारा महासमुंद बंद में पूरी सहभागिता की घोषणा की गई थी। आज सुबह से ही हिंदू संगठनों और भाजपा के लोगों द्वारा लोगों को प्रतिष्ठान बंद रखकर आयोजन को सफ ल बनाने की अपील की जाती रही।

इसका व्यापक असर देखने को मिला। लोगों ने अपनी दुकाने स्वस्पूत बंद रखी। बंद के दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है। दूसरी तरफ पुलिस भी अलर्ट मोड़ पर रही। शहर के हर हिस्से में पाइंट बनाकर पुलिस के जवान तैनात किए गए थे ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके और लायन आर्डर बना रहे। बंद के चलते आज लोगों को चाय नाश्ते के लिए भी तरसना पड़ गया। स्कूलों में भी बच्चों को छुट्टी दे दी गई। पेट्रोल पंप भी बंद रहे तथा बसो के पहिये भी थमे रहे । इसी प्रकार से जिले के सरायपाली, बसना, पिथौरा, बागबाहरा, और तुमगांव में भी बंद पूरी तरह सफल रहा।

कैटरीना कैफ स्टारर फोन भूत का वीडियो आया सामने

सिद्धांत चतुर्वेदी, ईशान खट्टर और कैटरीना कैफ अभिनीत आगामी हॉरर कॉमेडी फोन भूत का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में फिल्म से संबाधित जानकारी है। फोन भूत रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

फिल्म के थीम ट्रैक के साथ वीडियो यूनिट को साझा करते हुए, निर्माता मंगलवार को फिल्म की नाटकीय रिलीज का खुलासा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।मुख्य अभिनेताओं की विशेषता वाले अपने पहले लुक के साथ, ये फिल्म अपने कमाल दिखाने के लिए तैयार है। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है और इसे रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने लिखा है।

जैजी बैलेरिनी ने अपने करियर को लेकर किया खुलासा

टेलीविजन का नए शो आनंदी बा और एमिली के साथ भारतीय टेलीविजन उद्योग में अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री जैजी बैलेरीनी ने पिछले कुछ वर्षों में कई भूमिकाओं के लिए 500 से अधिक बार ऑडिशन दिया है। जैजी शो में एक विदेशी बहू की भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

जैजी आनंदी बा और एमिली में अपनी भूमिका के लिए ऑडिशन प्रक्रिया पर कहती है, मुझे वास्तव में ऑडिशन देने से पहले टीवी शो की ज्यादा समझ नहीं थी। लेकिन मैं भूमिका के बारे में और जानने के लिए उत्साहित था। मैं इसके बारे में और जानना चाहता था। आनंदी बा पर मेरी भूमिका के लिए ऑडिशन प्रक्रिया और एमिली बहुत आसानी से चली। भले ही यह लॉकडाउन के समय के दौरान था। कुछ ही दिनों में मुझे एमिली की भूमिका के लिए पक्का कर दिया गया। मैं ईमानदारी से नहीं जानती था, उस समय, मैं अपने आप में क्या कर रहा था। मुझे नहीं पता था कि यह अवसर वास्तव में कितना अद्भुत है जब तक मैंने फिल्म बनाना शुरू नहीं किया। जब मैंने अपने दोस्तों से इसके बारे में बात की, तो वे वास्तव में सहायक थे और बताया मुझे लगता है कि स्टार प्लस के पास सबसे अच्छे कंटेंट और धारावाहिकों में से एक है। इसलिए, मैं इस शो का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

यह एक परिवार में होने वाली अराजकता की कहानी है जब एक फिरंगी बहू परिवार में प्रवेश करती है और आनंदी बाउससे छुटकारा पाने की कोशिश करती है। स्टार प्लस पर 27 जून से आनंदी बा और एमिली जारी है।

एमटीवी के रियलिटी शो एक्स और नेक्स्ट में शामिल हुए क्रिसन बैरेटो

कैसी ये यारियां की अभिनेत्री क्रिसन बैरेटो नए रियलिटी शो एमटीवी के एक्स और नेक्स्ट में नजर आएंगी। यह शो मालदीव में तीन लोकप्रिय पूर्व जोड़ों को एक साथ लाता है, जिससे उन्हें अपना अगला खोजने या अपने पूर्व के प्यार में वापस आने का मौका मिलता है।

कंटेस्टेंट शो में जाएंगे और वहां वे अपने एक्स से मिलेंगे। शो में क्रिसन बैरेटो-सलमान जैदी, निकिता भमिदीपति-समर्थ्य गुप्ता और सलोनी सेहरा-वरुण वर्मा समेत तीन एक्स कपल नजर आएंगे।

एक्स और नेक्स्ट पर अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए क्रिसन ने साझा किया, किसी के पूर्व के साथ फिर से जुड़ना उतना आसान नहीं है जितना कि यह बहुत से लोगों को लग सकता है, खासकर जब आपकी सभी निजी बातचीत और क्षण राष्ट्रीय टेलीविजन पर फिल्माए और प्रसारित किए जा रहे हों।

उन्होंने आगे बताया, मालदीव में एमटीवी के एक्स और नेक्स्ट की शूटिंग के दौरान मेरे पास वास्तव में मेरे जीवन का समय था। यह अपनी तरह की अनूठी वास्तविकता दर्शकों के लिए एक उपन्यास प्रारूप लाती है, जिसे कभी भारतीय टेलीवीजन पर नहीं देखा गया है। एक्स ऑर नेक्स्ट 16 जुलाई से एमटीवी पर शुरू होगा।

घर पर बना सकते हैं तरह-तरह के स्वादिष्ट बिस्किट

बिस्किट दुनियाभर में अलग-अलग स्वाद में लोकप्रिय हो चुके हैं, जिनका मजा आप अपनी पसंदीदा चाय या फिर कॉफी के साथ ले सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच तरह के बिस्किट की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप घर पर बहुत आसानी से कुछ ही मिनटों में तैयार कर सकते हैं। यकीनन ये बिस्किट आपको और आपके परिवार को बेहद पसंद आएंगे।

केसर पिस्ता बिस्किट

सबसे पहले एक कटोरे में घी और चीनी मिला लें, फिर इसमें केसर-दूध का मिश्रण, इलायची का पाउडर और जायफल का पाउडर डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद इसमें मैदा और दूध डालकर नरम आटा गूंथ लें, फिर आटे को बेलिए और उसके ऊपर पिस्ता और बादाम छिड़ककर उसे चौकोर आकार में काट लें। अब 15 मिनट तक बिस्किट को बेक करें और जब ये ठंडे हो जाएं तो इन्हें एक एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

चॉकलेट और ओट्स बिस्किट

इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा को मिलाकर एक तरफ रख दें। इसके बाद एक अलग कटोरे में मक्खन और चीनी को साथ फेंटें, फिर इसमें अंडा, वनिला एसेंस, मैदे का मिश्रण, ओट्स, चॉकलेट चिप्स और कद्दूकस किया हुआ सेब डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को घी लगी बेकिंग शीट पर चौकोर आकार में रखें और 15 मिनट तक बेक करने के बाद बिस्किट को ठंडा करके खाएं।

नानखटाई

सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, बेकिंग सोडा और बेकिंग पाउडर को मिलाकर एक तरफ रख दें। अब एक अलग कटोरे में घी और पिसी हुई चीनी को मिलाएं, फिर इसमें मैदे का मिश्रण, सूजी, पिसा हुआ बादाम, पिसा हुआ पिस्ता और इलायची पाउडर मिलाकर नरम आटा गूंथ लें। इसके बाद आटे को बेलकर गोल आकार में काट लें, फिर बेकिंग ट्रे पर रखकर इन्हें 20-25 मिनट तक बेक करें।

आटा बिस्किट

सबसे पहले एक कटोरे में साबुत अनाज का आटा, दालचीनी पाउडर और चीनी को मिलाएं, फिर इसमें थोड़ा मक्खन मिलाकर नरम और मुलायम आटा गूंथ लें। अब आटे को एक पेपर में लपेट कर आधे घंटे के लिए फ्रिज में रख दें, फिर उसे फ्रिज से निकालकर बेलिए और बिस्किट के आकार में काटकर दोबारा 10 मिनट के लिए फ्रिज में रखें। इसके बाद पहले से गर्म ओवन में 10 मिनट तक बिस्किट को बेक करें और उनका आनंद लें।

मानसून के दौरान बालों की देखभाल करने के लिए अपनाएं ये आयुर्वेदिक टिप्स

जैसे-जैसे मौसम में बदलता है, वैसे-वैसे हेयर रूटीन में भी बदलाव करने की जरूरत होती है क्योंकि हर मौसम कुछ समस्याओं के साथ आता है। अभी मानसून आने वाला है और इस मौसम में अगर आप अपने बालों को तरह-तरह की समस्याओं से बचाए रखकर उन्हें स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इनकी अतिरिक्त देखभाल करें।

तेल मालिश है जरूरी

मानसून के दौरान सिर में खुजली, रूसी, बालों का झड़ना और रूखापन आना आदि समस्याएं होना आम बात हैं क्योंकि यह मौसम काफी उमस भरा होता है, जिसके कारण काफी पसीना आता है। अगर आप अपने सिर इन समस्याओं से बचाए रखना चाहते हैं तो नियमित रूप से हल्के हाथों से पूरे सिर की तेल मालिश करें। तिल या फिर बादाम का तेल बालों के स्वास्थ्य में सुधार करने समेत रूसी और खुजली जैसी समस्याओं से राहत दिला सकता है।

मानसून में होममेड हेयर पैक लगाएं

होममेड हेयर पैक बनाने के लिए दो बड़ी चम्मच मेथी के दानों को रातभर के लिए पानी में भिगो दें, फिर अगली सुबह उन्हें मिक्सी में पीसकर एक कटोरी में निकालें। अब कटोरी में एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल और आधी बड़ी चम्मच तिल का तेल डालकर मिलाएं। सिर धोने से एक घंटे पहले इस मिश्रण को पूरे स्कैल्प और बालों की लंबाई में लगाएं। यह होममेड पैक सिर को मानसून की कई समस्याओं से बचाए रखने में मदद करेगा।

बालों को स्वस्थ रखने के लिए डाइट टिप्स

अपने आहार में ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल करें, जो बालों को पोषित करने में मदद कर सकें। जैसे बादाम बायोटिन से भरपूर होते हैं और स्वस्थ बालों के विकास के लिए उपयोगी होते हैं। इसके अतिरिक्त, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर तिल के बीज बालों को पोषण देते हैं। आप अपने दैनिक आहार में भुने हुए तिल को सलाद और चटनी में मिलाकर खा सकते हैं।

खेल

भारत के खिलाफ सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान

बटलर बने कप्तान, टी-20 टीम में 34 साल के खिलाड़ी को मौका, वनडे टीम में रूट की वापसी

टीम इंडिया के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान कर दिया गया है। ओएन मोर्गन की जगह टीम की कमान जोस बटलर के हाथों में है। मोर्गन ने कुछ दिन पहले क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। लगभग साढ़े 7 साल बाद इंग्लैंड की टीम WHITE BALL क्रिकेट में नए कप्तान के साथ उतरेगी। सीरीज के लिए पहले ही टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है।

34 साल के गेंदबाज को मौका

टी-20 टीम में रिचर्ड ग्लीसन को मौका मिला है। उन्होंने अभी तक 64 टी-20 मैच में 70 विकेट लिए हैं। टी-20 ब्लास्ट के मुकाबले में 33 रन देकर 5 विकेट लिए थे। यह उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन है। आदिल रशीद को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मक्का की हज यात्रा करने के लिए दोनों सीरीज से छुट्टी मिली है। उनकी जगह रिचर्ड को मौका मिला है। वहीं, जो रूट भारत के खिलाफ लगभग 1 साल बाद वनडे मुकाबला खेलेंगे।

इंग्लैंड वनडे टीम- जोस बटलर (कप्तान/विकेटकीपर), मोइन अली, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम करेन, लियाम लिविंगस्टोन, क्रेग ओवरटन, मैथ्यू पार्किंसन, जो रूट, जेसन रॉय, फिल साल्ट, बेन स्टोक्स, रीस टॉपली, डेविड विली।

इंग्लैंड टी20 टीम- जोस बटलर (कप्तान, विकेटकीपर), मोईन अली, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, रिचर्ड ग्लीसन, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मालन, टाइमल मिल्स, मैथ्यू पार्किंसन, जेसन रॉय, फिल साल्ट, रीस टॉपली, डेविड विली।

पहले टी-20 के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, वेंकटेश अय्यर, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

विंबलडन 2022

तीसरे दौर में भिड़ेंगी क्वितोवा और बडोसा

लंदन । दो बार की चैंपियन पेट्रा क्वितोवा और स्पेन की चौथी वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा ने गुरुवार को अपने-अपने महिला एकल के दूसरे दौर के मैच जीत हासिल कर विंबलडन में तीसरे दौर में प्रवेश किया। 2011 और 2014 में खिताब जीतने वाली चेक गणराज्य की स्टार क्वितोवा को रोमानिया की एना बोगडान द्वारा 6-1, 7-6 (5) से जीतने के लिए दूसरे सेट के मुकाबले में वापसी करनी पड़ी, जबकि बडोसा ने एक और रोमानियाई इरीना को 6-3, 6-2 से हराकर जीत का आनंद लिया। 2010 से 2014 के बीच क्वितोवा विंबलडन के क्वार्टरफाइनल से पहले नहीं हारी, 2015 के बाद से वह केवल दो बार अंतिम 32 में पहुंची हैं। गुरुवार को, ऐसा लग रहा था कि क्वितोवा को एक और झटका लगेगा क्योंकि बोगडान ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी, दूसरे सेट में 6-1, 5-1 से लगातार पांच गेम जीतकर 6-5 की बढ़त बना ली।

हालांकि, उसने बोगडान पर काबू पाने के लिए समय रहते चीजों को पकड़ लिया। डब्ल्यूटीए टूर की एक रिपोर्ट के अनुसार, 5-6 पर सर्विस करते हुए उन्होंने दो सेट पॉइंट्स हासिल किए।

एक नजर

अमेरिका में बजरंग के साथ दीपक पुनिया लेंगे ट्रेनिंग

नई दिल्ली । तोक्यो ओलंपियन पहलवान दीपक पुनिया राष्ट्रमंडल गेम्स से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में मिशिगन विश्वविद्यालय में सरकार द्वारा वित्त पोषित ट्रेनिंग कैंप के लिए हमवतन और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया के साथ शामिल होंगे। केंद्रीय खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) मिशिगन विश्वविद्यालय में 30 जुलाई तक चलने वाले शिविर के लिए दो पहलवानों के प्रशिक्षण, यात्रा, दैनिक खर्च और बोर्डिंग के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

बजरंग के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ आनंद, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एक विज्ञप्ति में बताया कि वह विदेशी शिविर के दौरान दीपक की जरूरतों को भी पूरा करेंगे।

संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रशिक्षण कार्यकाल दो पहलवानों को राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व चैम्पियनशिप जैसी आगामी प्रमुख प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में मदद करेगा। बजरंग और दीपक दोनों अब यूके वीजा (सीडब्ल्यूजी के लिए) की प्रतीक्षा कर रहे हैं और जल्द ही यूएसए के लिए प्रस्थान करेंगे।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चुने गए 22 में से सेबल, नीरज चोपड़ा

मुंबई । ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, शीर्ष पुरुष स्टीपलचेजर अविनाश सेबल और लॉन्ग जंपर एम श्रीशंकर 15-24 जुलाई से अमेरिका के ओरेगॉन के यूजीन में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल एथलीटों के लिए सबसे बड़ी प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को पांच महिलाओं सहित 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

नीरज, जिन्होंने हाल ही में तुकरू में पावो नूरमी खेलों में दूसरा स्थान हासिल किया, इस प्रक्रिया में 89.30 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और फिर कुओर्टेन खेलों में विपरीत परिस्थितियों में 86.60 मीटर के एक विश्वसनीय प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20, एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की

मुंबई । भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की। पांचवें टेस्ट के आखिरी दिन और टी20 सीरीज की शुरूआत के बीच कम समय को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने 20 ओवर के तीन मैचों के लिए दो अलग-अलग टीमों का चयन किया है।

रोहित शर्मा कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद एजबेस्टन टेस्ट से बाहर हो गए थे। वह इंग्लैंड के खिलाफ 7 जुलाई से साउथेम्प्टन में शुरू होने वाली टी 20 आई और एकदिवसीय श्रृंखला दोनों में टीमों का नेतृत्व करने के लिए वापसी करेंगे। पहले टी20 के लिए भारतीय टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई , भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक दूसरे और तीसरे टी20 के लिए भारतीय टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह , प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

भारत इंग्लैंड पांचवां टेस्ट दूसरा दिन

टीम इंडिया ने 36 साल बाद बर्मिंघम में 300 से ज्यादा रन बनाए, आज जडेजा के शतक और 400+ के टोटल पर नजर

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे 5वें टेस्ट मैच का दूसरा दिन आज बर्मिंघम में खेला जाएगा। पहले दिन टीम इंडिया ने 7 विकेट खोकर 338 रन बनाए हैं। ये इस मैदान पर टीम इंडिया का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 1986 में भारत ने इस मैदान पर 390 रन बनाए थे और वह टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था।

भारतीय टीम कभी यहां 400 रन नहीं बना पाई है। इसके अलावा जितने भी टेस्ट मैच टीम इंडिया ने इस मैदान पर खेले हैं। सभी मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। मैच में पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा 83 रन बनाकर नाबाद हैं। उनका साथ मोहम्मद शमी दे रहे हैं। वहीं, इंग्लैंड की ओर से जेम्स एंडरसन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट अपने नाम किए। आज जडेजा के बल्ले से भी शतक आने की उम्मीद है।

पहला दिन पंत-जडेजा का नाम

मैच के पहले दिन टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा रन ऋषभ पंत ने बनाए। उन्होंने 146 रन की शानदार पारी खेली। एक समय टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 98 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से पंत और जडेजा ने छठे विकेट लिए 222 रनों की साझेदारी कर डाली।

उदयपुर हत्याकांड के खिलाफ दुर्ग रहा स्वस्फुर्त बंद

दुर्ग। राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की निर्दयतापूर्वक हत्या के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के प्रदेशव्यापी बंद के आह्वान का शनिवार को दुर्ग जिले के शहरी व ग्रामीण इलाके में व्यापक असर रहा।

फलस्वरुप व्यापारिक प्रतिष्ठानों के अलावा स्कूल-कॉलेज, पेट्रोल पंप, सिनेमाघर व अन्य संस्थानों में सुबह से ही ताला लटका रहा। बंद से केवल आवश्यक सेवाएं जैसे नर्सिंगहोम, क्लिनिक, मेडिकल स्टोर्स व अन्य सेवाओं को छुट दी गई थी। विहिप व बजरंग दल के बंद के आह्वान को भाजपा, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के अलावा हिन्दूवादी संगठनों ने समर्थन दिया था। दुर्ग शहर में इन संगठनों के बंद समर्थक सुबह से ही बाजारों में सक्रिय हो गए थे। अधिकांश बड़े मार्केटों के व्यापारियों ने उदयपुर हत्याकांड पर अपनी संवेदना जताते हुए स्वस्फूर्त अपनी प्रतिष्ठानें बंद रखी। कुछ क्षेत्रों में कुछ व्यापारियों द्वारा दुकान का संचालन किया जा रहा था। ऐसे व्यापारियों को बंद समर्थकों ने समझाइश देकर दुकानें बंद करवाई। बंद से दुर्ग शहर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र इंदिरा मार्केट में सन्नाटा पसरा रहा। इसके अलावा हटरी बाजार, पुराना बस स्टैंड, गंजपारा,फरिश्ता काम्पलेक्स पचरीपारा, पोलसायपारा, अग्रसेन चौक, रेल्वे स्टेशन चौक, सिंधी कालोनी चौक, कसारीडीह चौक, पद्मनाभपुर, आदर्श नगर, सिकोलाभाठा, धमधानाका सब्जी मार्केट व अन्य क्षेत्रों की दुकानें बंद रही। बंद समर्थक विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, भाजपा, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एवं हिन्दूवादी संगठनों द्वारा बंद को पूर्ण सफल बताया गया है।उनका कहना था कि उदयपुर हत्याकांड के खिलाफ दुर्ग शहर के व्यापारियों ने अपनी प्रतिष्ठानें बंद कर आक्रोश व्यक्त किया है। बंद के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय प्रतिनिधि अमरचंद सुराना, नितिश चंद्राकर, बजरंग दल प्रदेश संयोजक रतन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा,महामंत्री ललित चंद्राकर, नटवर ताम्रकार, जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विनायक ताम्रकार, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी, मंत्री दिनेश देवांगन, अनूप गटागट, शिव चंद्राकर, आशीष निमजे, मुकेश बेलचंदन, जिला भाजयुमों अध्यक्ष नितेश साहू, दीपक चोपड़ा, राहुल पंडित, महेश यादव, शिवेन्द्र सिंह परिहार, जवाहर लाल जैन,सतविंदर सिंह, राजा यादव, राजा महोबिया, मनोज शर्मा, जगदीश गुप्ता, अजय तिवारी, हटरी बाजार व्यापारी संगठन अध्यक्ष पवन बडजात्या, महावीर लोढ़ा,विनय कश्यप, जितेन्द्र कश्यप, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश मंत्री अशोक राठी, बजरंग दल के रवि निगम, अनिल सिंह, गौतम जैन, कमल साव, अजय सेन, कुशल शर्मा, अतिश गौर, अपूर्व सिंह के अलावा अन्य हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्त्ता सक्रिय रहे। बंद के दौरान बंद समर्थकों में उदयपुर घटना के खिलाफ गुस्सा स्पष्ट नजर आ रहा था। उनका यह गुस्सा लगातार उनके नारेबाजी से सामने आ रहा था। बंद समर्थकों द्वारा हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गई है।

ट्रक चालक की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ । जिले के तिलगा घाट के पास 24 जून को हुई ट्रक ड्राइवर की हत्या के मामले में पुलिस ने झारखंड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने लूट के इरादे से किए हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी कट्टा, एक चाकू जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 24 जून को ट्रक चालक संतोष कुमार दुबे की धारदार हथियार से हत्या की गई थी। जिसकी पुलिस जांच कर रही थी। मामलें में पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले तीन आरोपी खुर्शीद आलम,नदीम अंसारी तथा सद्दाम को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि नदीम अंसारी और सद्दाम दोनों रायगढ़ में ट्रक-ट्रेलर चलाया करते थे। दोनों ने अपने गांव के खुर्शीद आलम को रायगढ़ बुला कर लूटपाट की योजना बनाई थी, जिसके लिए झारखंड से देसी कट्टा खरीद कर रायगढ़ लाने को कहा था। 15 जून को खुर्शीद आलम के रायगढ़ आने के बाद तीनों एक साथ रह रहे थे। 24 जून को तीनों आरोपी रायगढ़ के पहाड़ मंदिर रोड में नो एंट्री वाली जगह पर ट्रकों की रेकी कर रहे थे।

मुख्यमंत्री को किये महज एक ट्वीट पर दिव्यांग सुशांत को तत्काल मिली राहत

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल तक आम जनता की पहुंच कितनी सुलभ है और वे लोगों की तकलीफों को कितनी संजीदगी से लेकर उनका निराकरण करवाते है।

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिलासपुर निवासी श्री प्रशांत दास मानिकपुरी द्वारा अपने दिव्यांग पुत्र की परेशानी को लेकर किये गये महज एक ट्वीट पर उनकी समस्या का तुरंत समाधान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा किया गया। श्री मानिकपुरी ने अपने 11 वर्षीय दिव्यांग बेटे सुशांत मानिकपुरी के लिये ट्वीटर पर मुख्यमंत्री से सहायता की मांग की थी।

मुख्यमंत्री सचिवालय ने उनके ट्वीट को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग को मामले का परीक्षण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को उनके उसलापुर स्थित निवास में भेजा। अधिकारियों ने सुशांत की जरूरत को देखते हुए उसे आने जाने में सुविधा देने के लिए व्हील चेयर तत्काल दिया। सालों से बहु दिव्यांगता का दंश झेल रहे सुशांत के लिए यह व्हील चेयर किसी वरदान से कम नहीं है। समाज कल्याण विभाग द्वारा इनका यूडीआईडी कार्ड भी तत्काल बनाया गया। जिसमें बताया गया कि सुशांत की दिव्यांगता का प्रकार मानसिक मंदता है तथा यह 60 प्रतिशत है। फिलहाल सुशांत की शिक्षा व्यवस्था प्राथमिक शाला शांतिनगर में हो रही है। सुशांत को छात्रवृत्ति के साथ सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्काउड एलाउंस भी शिक्षण व्यवस्था के तहत दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण विभाग द्वारा स्पेशल एजुकेशन एवं पेंशन देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

बिलासपुर । एडीएम श्रीमती जयश्री जैन ने आज कलेक्टोरेट परिसर से प्रधानमंत्री फसल बीमा जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिले में यह रथ फसल बीमा योजना के संबंध में किसानों को जागरूक करेगा। इस रथ के माध्यम से 1 जुलाई से 7 जुलाई तक जिले के विभिन्न गांवों में फसल बीमा योजना के संबंध में किसानों एवं ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य किसानों के बीच फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। इस अवसर पर कृषि विभाग के उप संचालक श्री पंचम हतेश्वर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। उप संचालक कृषि ने बताया कि फसल बीमा सप्ताह का आयोजन जिले के सभी चार विकासखण्डों में किया जा रहा है। जिसमें किसान अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। आज विकासखण्ड मस्तूरी के ग्राम बकरकुदा, मल्हार, मस्तूरी, मुड़पार, वेद परसदा, सरगांव, टिकारी एवं विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम भटगांव, बिल्हा, बिटकुली, चकरभाठा, कड़ार, सेंगर, एवं उमरिया में रथ के माध्यम से किसानों को योजना के संबंध में जानकारी दी जाएगी। फसल बीमा रथ गांव-गांव जाकर फसल बीमा के बारे में किसानों के बीच जागरूकता लाने और किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़कर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। वर्ष 2022 के लिए जिले में आगामी 15 जुलाई तक फसल बीमा के लिए आवेदन किया जा सकता है। फसल बीमा योजना से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 पर संपर्क किया जा सकता है। उप संचालक कृषि ने बताया कि ओलावृष्टि, भूसख्खन, बादल फटना, जलभराव, आकाशीय बिजली से फसल की क्षति एवं फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम बारिश के कारण हुई क्षति पर फसल बीमा योजना का लाभ मिलेगा।

रोटरी क्लब द्वारा मेगा हेल्थ स्वास्थ्य शिविर आयोजन कार्यक्रम में 150 से अधिक बच्चों का हुआ आंख, दांत और स्वास्थ्य परीक्षण...

बिलासपुर । जिले में रोटरी की नई कार्यकारिणी गठन के बाद आज पहले ही दिन शहर के बालमुकुंद स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के पालकों समेत 150 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.. स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान स्कूली बच्चों के आंख दांत और अलग-अलग शरीर के अंगो का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ और उन्हें दवाइयों का भी वितरण किया गया।

इस दौरान जिला अस्पताल के डॉक्टरों की टीम और रोटरी क्लब की ओर से डॉक्टरों के टीम की व्यवस्था की गई थी जिन्होंने एक-एक कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। रोटरी क्लब की नई अध्यक्ष हमीदा सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि.. रोटरी क्लब द्वारा सालों से सेवा के क्षेत्र में अलग-अलग प्रयास किए जा रहे हैं और उनका पदभार ग्रहण

होने के बाद बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर पूरे साल कार्य किया जाने वाला है आज पहले दिन शहर के बालमुकुंद स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया था जहां बड़ी संख्या में बच्चों और उनके पालकों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया। कार्यक्रम में नगर निगम के सभापति शेख नसरुद्दीन छोटे पार्षद कार्यक्रम में उपस्थित थे साथ उनके सिविल सर्जन अनिल गुप्ता जी डॉ शर्मा डॉ जीबी सिंह डॉ संजय डडरिया डॉ प्रभात श्रीवास्तव डॉ नंदा डॉ सौरभ लूथरा डॉ प्रवीण कॉलवीट डॉ नेहा तिवारी डॉ फिजियोथैरेपी अभिनेति डॉ करण डॉ नेहा अग्रवाल डॉ भूपेंद्र साहू अनुराग शुक्ला रोटरी के सचिव आशीष अग्रवाल असिस्टेंट गवर्नर पायल लाठ सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा एसपी चतुर्वेदी सतीश शाह अमित चक्रवर्ती सीनियर शीला तिवारी अमित चक्रवर्ती जूनियर डॉ जेम्स सर परीक्षण के दौरान रोटरी क्लब की टीम समेत जिला अस्पताल के डॉक्टरों की टीम मौके पर मौजूद रहे जहां स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्चों और उनके पालकों को दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

श्री के.पी. शुक्ला को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

बिलासपुर । जिला कोषालय कार्यालय में पदस्थ सहायक कोषालय अधिकारी श्री के.पी. शुक्ला अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद शासकीय सेवा से निवृत्त हो गये। जिला कोषालय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त श्री शुक्ला को कार्यालय की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। कार्यालय के वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री विकास सिंह ठाकुर एवं अतिरिक्त कोषालय अधिकारी श्री सौमित्र प्रधान ने श्री शुक्ला के सेवाकाल का स्मरण करते हुए स्वस्थ एवं सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहायक कोषालय अधिकारी श्री संतोष कुमार यादव सहित कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

बस्तर जिला प्रशासन ने कलेक्टर बंसल को दी गई भावभीनी विदाई

जगदलपुर। कलेक्टर रजत बंसल को आज जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी। कलेक्टर बंसल की पदस्थापना छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के आदेश के तहत कलेक्टर जिला बलौदाबाजार भाटापारा किया गया है।

कलेक्टोरेट स्थित प्रेरणा कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री बंसल ने कहा कि जिला कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा अपने कार्य के प्रति पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के कारण यहां रचनात्मक कार्यों के लिए पूरा अवसर उन्हें मिला। उन्होंने कहा कि यहां के कर्मचारियों की कार्यकुशलता के साथ ही अच्छे व्यवहार के कारण वे निश्चिंत होते थे, कि कार्यालय में आने वाले किसी भी ग्रामीण के कार्य में कोई रुकावट नहीं आएगी।

उन्होंने बस्तर को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध बताते हुए कहा कि बस्तर की इस समृद्धि से पूरे विश्व को अवगत कराते हुए इसे जनजातीय राजधानी के रूप में विकसित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आज विश्व के धनी लोग जिस जीवन शैली को अपना रहे हैं, उसी जीवन शैली के साथ यहां के आदिवासी युगों से निवास कर रहे हैं। उन्होंने यहां की भाषा-बोली की विविधता और प्रकृति से जुड़कर रहने की कला के संरक्षण पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि बस्तर अब सड़क, रेल और वायुमार्ग से जुड़ रहा है, जिससे यहां विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं को बड़े पदों पर तैयार करने, उन्हें खेलकूद के क्षेत्र में आगे ले जाने और कुशल उद्यमी के रुप में तैयार करने के लिए पूरी लगन के साथ करने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों का विश्वास प्रशासन के प्रति बढ़ाने के साथ ही विकास कार्यों में लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आम जनता के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखने तथा निर्धनों के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की अपील भी इस अवसर पर की।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा कलेक्टर बंसल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो व्यक्ति सदैव सत्य, क्षमा, शील आदि गुणों से युक्त होते हैं, वे सभी क्षेत्रों में सफल होते हैं। श्री बंसल की सफलता

इसका एक उत्तम उदाहरण है। संयुक्त कलेक्टर श्री दिनेश नाग ने श्री बंसल के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही कोष, लेखा एवं पेंशन के संयुक्त संचालक धीरज नशीने, तोकापाल अनुविभागीय दण्डाधिकारी आस्था राजपूत सहित कलेक्टोरेट के कर्मचारियों ने भी इस अवसर पर कलेक्टर बंसल के साथ किए गए कार्य के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जगदलपुर अनुविभागीय दण्डाधिकारी ओमप्रकाश वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

कलेक्टर बंसल ने जिला पंचायत सीईओ को सौंपा कार्यभार

कलेक्टर रजत बंसल ने आज अपना कार्यभार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास को सौंपा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बंसल की पदस्थापना छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के आदेश के तहत कलेक्टर जिला बलौदाबाजार किया गया है।

एक नजर

उदयपुर की घटना के विरोध में फरसगांव क्षेत्र रहा बंद

फरसगांव। उदयपुर में हुई घटना के विरोध में विकासखंड मुख्यालय फरसगांव व ग्रामीण अंचलों में बंद व्यापक का असर दिखाई दिया बंद दौरान पुलिस के द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे शांति पूर्ण बंद रहा ब्लाक मुख्यालय फरसगांव के साथ साथ ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में बंद का असर दिखाई दिया वही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उदयपुर में हुई घटना के विरोध में नारे बाजी की वही फरसगांव नगर में स्थानीय दुकान संचालकों के द्वारा स्वतह बन्द किया गया नगरीय क्षेत्र के चौक चौराहों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस विभाग के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही थी और पुलिस बल भी तैनात किया गया ।

गोलावंड में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मुख्य अतिथि चंदन कश्यप की उपस्थिति में हुआ संपन्न

कोंडागांव। पढ़ाई सिर्फ नौकरी करने के लिए नहीं। बल्कि खुशहाल जीवन जीने के लिए आवश्यक है। आप कहीं भी रहे हमेशा अपने गुरुजनों का सम्मान करें ।क्योंकि गुरुजन का स्थान भगवान से भी ऊपर है । (चंदन कश्यप विधायक नारायणपुर)मुख्य अतिथि चंदन कश्यप विधायक नारायणपुर एवं अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड के मुख्य आतिथ्य में विशिष्ट अतिथि मनोज सेठिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, सहदेव बघेल सरपंच ,कार्यक्रम अध्यक्ष सुकटाराम मरावी सहायक परियोजना अधिकारी शाला प्रवेश उत्सव विकासखंड नोडल अधिकारी कोंडागांव, नीलकंठ शार्दूल संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ,बी ई ओ शंकर लाल मंडावी, बीआरसी रामलाल नेताम, विद्यालय के प्राचार्य ,समस्त सीएससी ,विकासखंड के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं, पालकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि चंदन कश्यप द्वारा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।स्वागत गीत कुमारी नवीना मंडावी एवं साथी एकलव्य विद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया ।तथा कमलेश्वरी नेताम ने कोरोना जागरूकता संबंधित गीत प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला गोलावंड, शासकीय प्राथमिक शाला भेजरीपदर,शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोलावन्ड एवं एकलव्य विद्यालय के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए।

आतंकी जेहादी के विरोध में बस्तर जिला ग्रामीण बंद

जगदलपुर । आतंकी जेहादी के विरोध में आज बस्तर जिला ग्रामीण बंद रहा। बंद के आयोजकों ने कहा कि राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल ने धमकी के भय से स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा मांगी थी। सुरक्षा नहीं मिलने के कारण यह घटना हुई। कन्हैया लाल की निर्ममता से हत्या कर दी गई और कट्टर पंथियों द्वारा हत्या का वीडियो भी बनाया गया और वीडियो को वायरल किया गया, उक्त वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी को भी धमकी दी गई। जिससे पूरे भारतवर्ष में हिंदू समाज आक्रोशित होकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में क्षेत्र जिला ग्रामीण स्तर में नगर में इसका विरोध प्रदर्शन किया गया और एक दिवसीय छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया गया । जगह जगह हिंदू समाज एवं अनुषांगिक संगठन द्वारा अपने अपने स्तर पर पुतला दहन एवं राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। मांग की गई है कि ऐसे कट्टरपंथियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। विहिप मीडिया प्रभारी रोहन ने कहा जिन अरब देशों ने भाजपा प्रवक्ता के बयान को लेकर तूफान खड़ा किया था, अभी तक इस हत्याकांड पर उनकी प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई ? यह संतोष का विषय है कि इस हत्याकांड को लेकर भारत का हिन्दू समुदाय दुखी तो है , लेकिन उसने कोई हिंसक प्रतिक्रिया नहीं की है ।

जिला अस्पताल का शिफ्टिंग कार्य शीघ्र करें पूर्ण- रानू साहू

कलेक्टर ने मिलेट्स कैफे में देखा महिला समूह का काम

जोहार छततीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू ने शहर के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया एवं अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने सुविधाओं के लिहाज से जिला अस्पताल की शिफ्टिंग का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर साहू ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों से बात कर मिल रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। ग्राम गेरवानी निवासी अंजनी एवं धौराडांड निवासी कसरत बेहरा ने बताया कि सुविधाएं व इलाज बेहतर है। उन्होंने मेल सर्जिकल एवं फिमेल सर्जिकल वार्ड में पहुंचकर मरीजों के सेहत की जानकारी ली। इस दौरान फिमेल वार्ड में उपस्थित सभी नर्सो से चर्चा कर भर्ती मरीजों की बेहतर देखरेख के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बेड के गद्दे खराब होने पर कलेक्टर साहू ने असंतोष व्यक्त करते हुए बेड के गद्दे तत्काल बदलने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती साहू ने अस्पताल में मरीजों की उपस्थिति एवं ओटी के संचालन की जानकारी ली। अस्पताल अधीक्षक डॉ.मिंज ने बताया कि वर्तमान में लगभग 50 से अधिक मरीज है। अधिकांश मरीजों को मेडिकल कालेज शिफ्ट किया जा चुका है। वर्तमान में ओटी का संचालन किया जा रहा है। सीएमएचओ ने कलेक्टर साहू को बताया कि अस्पताल के जो हिस्से जर्जर हो गए हैं उनका पीडब्लूडी द्वारा जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.केशरी, डीईओ आर.पी आदित्य सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बच्चों से कहा खूब पढ़े, खूब बढ़ें

कलेक्टर रानू साहू ने निरीक्षण के दौरान नटवर स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से सवाल भी पूछे और विद्यार्थियों को खूब मेहनत और पढ़ाई करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने स्कूल के कम्प्यूटर, फिजिक्स एवं बायो लैब तथा लाईब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्कूल के लैब काफी बेहतर है।

सी-मार्ट का किया निरीक्षण, मिलेट्स कैफे में रागी से तैयार व्यंजनों का चखा स्वाद

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर साहू ने सी-मार्ट एवं मिलेट्स कैफे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सी-मार्ट में उपलब्ध वस्तुओं की संख्या की जानकारी ली। संचालिका द्वारा बताया गया कि तकरीबन चार सौ से अधिक वस्तुए सी-मार्ट में उपलब्ध है। उन्होंने मार्ट की सभी खाद्य पदार्थो की जानकारी के साथ मिट्टी से बने कुकर व तवा की सराहना की। इस दौरान कलेक्टर साहू ने मिलेट्स कैफे में पहुंचकर मिलेट्स से बने इडली, चिला जैसे पकवानों का स्वाद चखा। मिलेट्स से बने पकवानों की विधियां की जानकारी लेते हुए उन्होंने समूह से चर्चा कर आय की जानकारी ली। समूह द्वारा बताया गया कि इस माह 25 हजार तक लाभ हुआ है। कलेक्टर साहू ने समूह की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

प्रखर नेत्री विप्लव ठाकुर 4 जुलाई को कोरबा में

पंचायती राज में महिलाओं की भूमिका पर मंथन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

पंचायती राज में महिला सशक्तीकरण की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन 4 जुलाई को इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयेजित किया गया है जिसमें देश की प्रखर नेत्री व पूर्व सांसद व आल इंडिया महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष विप्लव ठाकुर सहित केन्द्रीय व प्रदेश के नेताओं की उपस्थिति रहेगी। छत्तीसगढ़ विधानसभा, भारतीय संसदीय संस्थान जनसंख्या एवं विकास, नई दिल्ली एवं एशियाई संसदीय मंच जनसंख्या एवं विकास, जापान द्वारा महिला सशक्तीकरण एवं सशक्त विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका विषय पर 4 जुलाई को यह कार्यशाला प्रातरू 10.30 बजे से प्रारंभ होगी। इस कार्यशाला में भारतीय संसदीय संस्थान जनसंख्या एवं विकास के वाइस चेयरमैन व अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल, अनिला भेड़िया, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, फू लो देवी नेताम सांसद व प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस, छाया वर्मा पूर्व राज्य सभा सांसद, विधायक मोहितराम केरकेट्टा, पुरूषोत्तम कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर सहित प्रदेश के अन्य महिला विधायकों सहित संस्थान के सचिव मनमोहन शर्मा, मुंबई से डॉ. एसके सिंह, हरिश अजवानी, रवि तिवारी एवं मोती लाल शामिल होकर कार्यशाला में उपस्थित महिला प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन देंगे।

राजीव गांधी ऑडिटोरियम में होगा भव्य आयोजन

ग्रामीण विकास को मजबूत आधार दे रही शासन की योजनाएं-उच्च शिक्षामंत्री

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल आज पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 52 लाख 72 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से गांवों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सतत् रूप से कार्य कर रही है। किसानों को धान के साथ अन्य फसलों के लिए आदान सहायता मिल रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने छत्तीसगढ़ में कृषि कार्यों में इजाफा हुआ जिससे किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। धान सहित अन्य फसलों के उचित कीमत और आदान सहायता से किसानों को बड़ी राहत है। किसानों का कर्जमाफी हुआ है, साथ ही जिनके पास जमीन नहीं है उन किसानों के लिए ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की शुरूआत की गयी है। वहीं वनोपजों के समर्थन मूल्य बढ़ने से संग्राहक परिवारों को भी सीधा फायदा मिला है।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की यह दूरगामी सोच ही है जो छत्तीसगढ़ में शहर से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरूआत की गयी है। आज बच्चों को सरकारी स्कूलों के फीस में अंग्रेजी में शिक्षा मिल रही है। जिससे वे आगे प्रतियोगी माहौल के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे और प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनायेंगे। उन्होंने गांवों में जनसंपर्क के दौरान सभी ग्रामीणों से कहा कि जिनका भी राशन कार्ड नहीं बना है या कोई समस्या आ रही है तो संबंधित पटवारी से प्रतिवेदन लेकर जनपद सीईओ को तत्काल सूचना दें, अविलंब राशन कार्ड बनाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने ग्राम लिंजीर में बीच बस्ती हनुमान मंदिर के पास पूजा स्थल हेतु टीन शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल आज पुसौर विकासखण्ड के तेलीपाली, लिंजीर, सुर्री एवं तेतला गांव में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से नागरिकों से सीधा संवाद होता है। जिससे उनकी मांग और समस्याओं को जानने का मौका मिलता है। इससे आगे होने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा बनाने में मदद मिलती है। इस दौरान विभिन्न ग्रामवासियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस मौके पर बीज निगम के सदस्य दिलीप पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सुशील भोय, उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, सरपंच शारदा गुप्ता, जनपद सदस्य गुलाब राम साव, कुमारी बाई साव सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्राम सुर्री में 4 लाख 90 हजार रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण एवं 5 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक शाला सुर्री में अहाता निर्माण का लोकार्पण किया। इसी तरह डीपापारा लिंजीर में 5 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण, ग्राम-तेतला में 14 लाख 42 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं तेतला में ही सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख 40 हजार रुपये, 4 लाख रुपये की लागत से शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल तेतला में सायकल स्टैण्ड निर्माण कार्य, 4 लाख रुपये की लागत से तेतला में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य एवं डीपापारा तेतला में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल है।

गायत्री महायज्ञ के साथ गायत्री विद्या पीठ स्कूल भवन का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

जनपद पंचायत अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत तरौद में रथ यात्रा के शुभ अवसर पर गायत्री विद्यापीठ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन समारोह गायत्री महायज्ञ के साथ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम वैदिक मंत्रों एवं यज्ञ के साथ किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सौरभ सिंह विधायक अकलतरा विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता लक्ष्मण मुकीम वरिष्ठ समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि सुष्मिता सुमित प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य जांजगीर, शिवानी सुशांत सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत अकलतरा, गुरुदयाल पाटले सरपंच तरौद, विजया भूषण वैष्णव जनपद सदस्य मंच गरिमामय उपस्थिति रही इस अवसर पर विधायक सौरभ सिंह ने कहा की अच्छे.अच्छे स्कूल में सारे बच्चे पढ़ सकते हैं जो लोग सक्षम हैं वह कहीं पर भी पढ़ सकते हैं। लेकिन अंतिम व्यक्ति जिसका बच्चा पढ़ नहीं सकता संसाधनों से युक्त नहीं है उस बच्चे को पढ़ाना और उस बच्चे को ऊंचाई पर ले जाना यही संस्कृति है। उसको सामान्य सारी सुविधा मिले की वो अपनी योग्यता का पूरा उपयोग कर जीवन बना सकें यही शिक्षा की अपना उपयोगिता है और ऐसे संस्था बनते हैं इन संस्थाओं से ऐसे-ऐसे विभूतियां बाहर निकलती हैं ऐसी-ऐसी विभूतियां आगे जाती हैं वह देखने योग्य हैं। मंच का संचालन केशव प्रसाद कौशिक प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा एवं आभार व्यक्त महेश्वर कश्यप प्रधानाचार्य गायत्री विद्या पीठ तरौद द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चे पालक गण व आसपास के ग्रामीण जन एवं गायत्री परिवार के परिजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

विश्व हिन्दू परिषद के आह्वान पर धरमजयगढ़ बंद का मिला पूर्ण समर्थन

जघन्य हत्या के प्रति सभी ने जताया रोष

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पिछले दिनों राजस्थान के उदयपुर में घटित घटना को लेकर हर हिंदू सनातनी उद्वेलित है। टेलर कन्हैया साहू की जघन्य हत्या को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने बंद का आह्वान किया है।

पूरे छत्तीसगढ़ में बंद को लेकर संघ के सभी अनुशांगिक संगठन, व्यापारी संगठन, चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित और कई संगठनों ने इसका समर्थन किया है। विश्व हिंदू परिषद द्वारा किए गए इस बंद के आह्वान का भारतीय जनता पार्टी ने भी समर्थन किया है और प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल भाजपा के नेतृत्व में कल ही धरमजयगढ़ बंद करने सभी से निवेदन किया गया था। जिस पर धरमजयगढ़ के व्यापारीयों ने भी पूरी तरह से अपना सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद कर घटना की निंदा की है। बंद को सफ ल बनाने कल से भाजपा कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव, सदस्य प्रदेश किसान मोर्चा एवं पार्षद टीकाराम पटेल, जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य महेश चैनानी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष टारजन भारती, महामंत्री अनिल पांडेय, शिशुपाल गुप्ता, पूर्व महामंत्री जगन्नाथ यादव, जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंत्री गोविन्द दास महंत,जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद सोनू ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि भरत साहू,शोसल मीडिया संयोजक नारायण बाईन, नारायण प्रसाद ध्रुव,कुशल राठिया सक्रिय हैं।

जयहिंद संगठन का भी मिला साथ

विश्व हिन्दू परिषद के आह्वान पर कन्हैया कुमार के हत्या के विरोध में धरमजयगढ़ बंद को स्थानीय जय हिन्द संगठन का भी भरपूर सहयोग मिला। जयहिंद संगठन के बासुदेव बढ़ाई, इंद्रजीत-डे अरुण-डे, सूरज मण्डल,चिन्मय बिश्वास, हेमसागर, बिस्वास,सुखदेव पटवारी, सुखदेव बढ़ाई, अजित मण्डल, गौतम भड़ाली, बिपुल शील,मंगल मण्डल रामसागर यादव, बरेठ, मिलन बाला, प्रितेश सरकार एवं देव विश्वास सक्रिय रहे।

एक नजर

रथ यात्रा के अवसर पर श्यामा-श्याम सत्संग समिति श्रीराम मंदिर में भजन कीर्तन कर गजा मूंग प्रसाद का किया वितरण

कोंडागांव। दिनांक 01/07/ 2022 शुक्रवार को श्यामा- श्याम सत्संग समिति कोंडागांव श्री श्री 1008 श्री कृपालु महाराज जी के अनुयायियों द्वारा रथ यात्रा के पावन अवसर पर संध्या 4ः30 से 6ः00 के मध्य जय स्तंभ चौक स्थित श्री राम मंदिर परिसर में श्यामा -श्याम सत्संग समिति के वरिष्ठ सदस्य उग्रेश मरकाम के नेतृत्व में एवं अरविंद घोष, नरेंद्र पांडे ,कावे राम, के आर नाग, भेलकू पोयाम, चंद्रकांत पानीग्राही ,सुजीत सिकदर ,अंजनी मरकाम, ईना श्रीवास्तव, सरस्वती बघेल ,मेंहतरीन निषाद ,मालती देवांगन, राजेश्वरी पांडे, समीक्षा पांडे ,संगीता चौबे ,कृष्ण पाणिग्रही एवं माला दीदी की उपस्थिति में भगवान राधा -कृष्ण एवं श्री श्री 1008 श्री कृपालु महाराज जी का आरती उपरांत भजन कीर्तन का आयोजन किया गया । इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री श्री 1008 श्री कृपालु महाराज जी विश्व के पंचम मूल जगद्गुरु में से एक है। आपका जन्म मनगढ़ धाम ,तहसील- कुंडा, जिला- प्रतापगढ़; उत्तर प्रदेश में हुआ। श्यामा -श्याम सत्संग समिति कोंडागांव का गठन जनवरी 2013 में हुआ तब से प्रत्येक रविवार को प्रातः 7ः00 से 9ः00 बजे तक संकीर्तन श्रीराम मंदिर में की जाती है। समिति के संचालन का दायित्व समिति के सभी सदस्यों को दिया गया है ।प्रवचन हेतु प्रचारिका श्रीश्वरी देवी के माध्यम से आज तक रसमय कीर्तन लगातार हो रही है ।भजन कीर्तन के पश्चात श्यामा -श्याम सत्संग समिति के सदस्यों द्वारा श्री राम मंदिर के समक्ष राहगीरों को गजा मुंग प्रसाद का वितरण किया गया ।

बेटे-बहु के विवाद को शांत कराने पहुंचे पिता की हत्या

दंतेवाड़ा । दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गढ़मिरी मुंडापारा में पति-पत्नी के बीच हो रहे मारपीट में बीच-बचाव करने पहुंचे पिता की बेटे ने जान ले ली। घटना के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया है। पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई । मिली जानकारी के अनुसार मामला कुआकोंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गढ़मिरी मुंडापारा में रहने वाले रामू कोर्राम का उसकी पत्नी के साथ विवाद हो रहा था। इस पर रामू के पिता सुखराम कोर्राम बेटे की मार से बहू बचाने और विवादा को शांत करने पहुंचे और दोनों को शांत कराया किंतु बेटे को अपने पिता का बीच बचाव करना पसंद नही आया और उसने अपने पिता पर ही हमला कर दिया। बेटे के हमले से पिता सुखराम के गुप्तांग में गहरी चोट लग गई और मौके पर ही सुखराम की मौत हो गई। पिता की मौत से घबराया बेटा तत्काल मौके से फरार हो गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे पड़ोसी और गांव वालों ने आरोपी बेटे के खिलाफ कुआकोंडा थाने में शिकायत दर्ज करवाई। मामलें में पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एक दिवसीय प्रवास पर बालोद पहुंचे मुख्य न्यायधीश गोस्वामी

न्यायालय परिसर का अवलोकन, अधिवक्ता संघ के कार्यक्रम में हुए शामिल

बालोद । छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी आज अपने एक दिवसीय शासकीय प्रवास पर जिला न्यायालय बालोद पहुंचे। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रज्ञा पचैरी, कलेक्टर डॉ.गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया।

उदयपुर घटना के विरोध में हिंदू संगठनों का फूटा गुस्सा, आतंकवाद का किया पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़

बेमेतरा, उदयपुर में कन्हैया लाल की निर्मम हत्या के विरोध में बेरला ब्लाक के ग्राम भिम्भौरी में किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया ।

बेरला ब्लाक के ग्राम भिम्भौरी में किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद और कट्टरता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । घटना का विरोध करने शनिवार को गांव के चौक में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया । इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि इस घटना से देश के लोग आतंकित हैं । एक निर्दोष व्यक्ति की बड़ी निर्ममता से हत्या कर दी गई । उन्होंने इस मामले की गहराई से जांच के साथ आरोपियों के लिए जल्द फांसी की मांग की है । उन्होंने कहा कि यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाना चाहिए ताकि आरोपियों को जल्द फांसी की सजा मिल सके । हिंदू समाज के लोग तुष्टीकरण की राजनीति की भेंट चढ़ रहे हैं । किसान नेता ने आम जनों से शांति की अपील की है । उन्होंने कहा कि सौहार्द्र बिगाड़ने वाले किसी भी पोस्ट को सोशल मीडिया में वायरल करने से बचें । क्योंकि असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाकर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश करते हैं ।

इस दौरान मनोज सिन्हा, बलराम राय, नरेश,राय, टोपेंद्र सोनवानी, डागेंद्र साहू, आशीष साहू,आकाश साहू,श्याम वर्मा, राकेश परगनिहा, राजन साहू, दिलीप टंडन चेटुवा उपसरपंच किशन साहू, जित्तू धीवर, जितेंद्र निशाद, दीपक निशाद, वेद वर्मा,रंजू सिन्हा, देवानंद साहू, दुर्जन यादव, विक्की यादव, मुन्ना यादव, पवन यादव, बलराम सिन्हा, छोटे लाल सारथी, रिंकू वर्मा, दिनेश धीवर, अरुण पेंटर, हेमंत साहू, नरोत्तम साहू, दिनेश साहू, तिरदेव विश्वकर्मा, नरोत्तम साहू, राजू वर्मा, हरिनारायण,अन्ना धीवर,दुर्गा साहू, रूपेंद्र धीवर,मोहित साहू, रवि साहू,रवि पाटिल, विष्णु धीवर, धनजय धीवर, रूपेंद्र सेन आदि उपस्थित थे ।

एक नजर

तेज रफ्तार बस पर फरसगाँव पुलिस की कार्यवाही 3 हजार का काटा चालान

फरसगाँव। नेशनल हाइवे 30 में तेज रफ्तार बसों से आये दिन सड़क दुर्घटना होती है जिसके चलते अनेक राहगीर घायल हो रहे है।

वही अनेक राहगीर अपनी जान गवा रहे है कुछ दिन पूर्व ही कोंडागांव जिला मुख्यालय में दो बसों के आपस में ओवरटेक करने के चलते एक नागरिक ने अपनी जान गवाई, वही बड़े बड़े सड़क हादसों के बावजूद भी बसों की तेज रफ्तार रुकने का नाम नहीं ले रही है वही फरसगांव पुलिस के द्वारा आज तेज रफ्तार बस पर कार्यवाही की गई फरसगांव नगरीय क्षेत्र में महेंद्रा बस के ड्राईवर के द्वारा बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0230 के द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक बस को चलाया जा रहा था जिस पर फरसगांव पुलिस के द्वारा मोटर व्हीकल ऐक्ट 183, (1), (2) के तहत कार्यवाही करते हुये थाने के समीप बस को रोका गया पर समझाइए देते हुये तीन हजार रुपए की चलानी कार्यवाही की गई और समझाइए देते हुए बताया की अगली बार शहरी एवं ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में तेज गति से वाहन चलाने पर बड़ी कार्यवाही की जायेगी साथ ही सभी बस के बुकिंग एजेंटों को समझाइस दी गई की बसों की बसों की रफ्तार को कम किया जाय नही तो चालानी कार्यवाही की जायेगी इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भापेंद्र साहू, उप निरीक्षक प्रमोद कतलम, सहायक उपनिरीक्षक राज कुमार कोमर, किशोर प्रजापति उपस्थित रहे ।

मवेशी से टकराकर एक व्यक्ति घायल

गरियाबंद । गरियाबंद जनपद पंचायत के सामने मवेशी से जा टकराने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया ,घायल व्यक्ति को पुलिस विभाग के पेट्रोलिंग वाहन से जिला अस्पताल पे जाया गया। घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर 12 बजे ग्राम बारुका निवासी एक व्यक्ति आपनी मोटरसाइकिल होंडा सीजी 04 एल ई 9450 में एक अन्य व्यक्ति को बिठाकर कलेक्ट्रट कार्यालय की ओर जा रहा था ,जो जनपद पंचायत के सामने एक मवेशी के साथ टकरा गया जिससे सड़क के ही गिर पड़ा । इस घटना से मोटरसाइकिल चला रहा व्यक्ति को गम्भीर चोट लगी वही पीछे बैठे व्यक्ति को मामूली चोट लगी ,उन दोनों को राह चलते लोगो के द्वारा उठाया गया ,उसी दौरान पुलिस पेट्रोलिंग वाहन उधर से गुजर रहा था ,उस वाहन में दोनो घायलों को जिला असपताल ले जाया गया। वही मोटरसाइकिल के पीछे में बैठे व्यक्ति से पूछे ने बताया कि वह उस मोटरसाइकिल चालक से लिप्ट लेकर आ रहा था , और मोटरसाइकिल चला रहा व्यक्ति को बारुका का निवासी बताए लेकिन नाम पता नही चल पाया है।

मामूली विवाद पर पुत्र ने की बुजुर्ग पिता की हत्या

पुलिस को गुमराह करने आरोपी ने बताया था पिता को मिर्गी बीमारी से गिरकर चोंट आने की बात

गरियाबंद । ग्राम सढोली में हुए कत्ल की गुत्थी को चौबीस घण्टे में सुलझाते हुए आरोपी को गरियाबंद पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते जेल भेजा गया। घटना के विषय में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सढ़ौली में जहां शराबी पिता के द्वारा रोज रोज के झगड़ा लड़ाई से तंग आकर अपने ही बुजुर्ग पिता की हत्या कर दिया गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जुलाई 2022 को सिटी कोतवाली गरियाबंद में सूचनाकर्ता संतोष यादव पिता सहित यादव उम्र 24 साल निवासी ग्राम सढ़ौली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके पिता सहित यादव मिर्गी बीमारी के कारण चक्कर खाकर खाट से जमीन में गिर गया जिससे सिर में चोट आया है जिसे 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद लाये थे जहां डॉक्टरों द्वारा चेक करने पर मृत घोषित किया गया है कि रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली गरियाबंद में मर्ग क्रमांक 30/2022 धारा 174 जा0फै0 कायम कर शव का पीएम जिला अस्पताल गरियाबंद में कराया गया।

दशपुर पुल से लोगों को हो रही परेशानी

गरियाबंद । बरसात का मौसम आते ही दशपुर क्षेत्र के लोगो को आने जाने में होने परेशानी से आम लोग त्रस्त हो गए है ,जबकि उस नाले में पुल बनाने की मांग उस क्षेत्र के लोगो के द्वारा लगातार किया जा रहा है। गरियाबंद जिला मुख्यालय से मात्र 19 किमी दूर ग्राम दसपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जोबा से दसपुर मार्ग में एक वर्ष पहले बरसात में सड़क का आधे से अधिक हिस्सा पानी मे बह कर बहुत बड़ा गड्ढा हो गया है जहा कभी भी बड़ी घटना घट सकती है । प्रशासन द्वारा हर पहुच विहीन ग्रामो को मुख्यालय तक जोडने के हर मार्ग को पक्का और हर नाले में स्थायी रपटा य पुल निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है ।लेकिन उस क्षेत्र के लोगो को उस रपटा की परेशानी से कब निजात मिलेगी ये कहा नही जा सकता।

विशेष पिछड़ी पण्डो जनजाति की नाबालिग लड़की बिन ब्याही बनी मां

जोहार छत्तीसगढ़. धरमजयगढ़।

सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में बीती रात नाबालिग लड़की ने बच्चे को जन्म दी है। लेकिन नवजात शिशु का स्वास्थ्य खराब होने के कारण जिला चिकित्सालय रायगढ़ रिफर कर दिया गया। कल सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में 16 वर्षीय पण्डो जनजाति की गर्भवती लड़की को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया। जहां प्रसव के बाद हालत को देखते हुए डॉक्टर ने जिला चिकित्सालय रायगढ़ उपचार के लिए भेज दिया। नाबालिग लड़की कापू थाना अंतर्गत ग्राम कहुआपानी की है। बताया जा रहा है कि लड़की अविवाहित है। ऐसे में मामला बड़ा ही गंभीर है। क्योंकि लड़की नाबालिग है जिसका गर्भवती होना गंभीर अपराध होने की ओर इशारा कर रही है। अब देखना होगा कि विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की पण्डो नाबालिग लड़की के गर्भवती मामले पुलिस क्या एक्शन लेती है। सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ से प्रसव होने की जानकारी धरमजयगढ़ थाने में दी गई है।

नए ट्रूनाट टीवी मशीन का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में 1 जुलाई 2022 को टी बी मरीजों की जांच हेतु ट्रूनाट मशीन का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इसके पूर्व में ट्रूनॉट जांच हेतु मरीजों को जिला क्षय नियंत्रण केंद्र बेमेतरा जाना पड़ता था जो कि ट्रूनाट मशीन की लगने से विकासखंड स्तर पर सभी मरीजों को लाभ मिलेगा एवं इस मशीन में टीवी जांच के अलावा टीबी से संबंधित दवा रिफाम्प्सिन का ड्रग रेसिस्टेन्स पता लगाया जा सकेगा। संस्था प्रभारी डॉ. जी के कुंजाम खंड चिकित्सा अधिकारी बेरला, जिला टीबी अधिकारी डॉ चौबे, डीपीसी बेमेतरा सम्पति बंजारे एवं एसटीएलएस अजित जांगड़े, एमएल टी पीटर खरे, नरोत्तम गायकवाड़ संस्था के समस्त स्टाफ उपस्थिति रहे। साथ ही डॉक्टर डे के उपलक्ष में इस संस्था में पदस्थ सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया तथा इस धरती में डॉक्टर को भगवान के रूप में माना जाता है सन 1991 से डॉक्टर दिवस के रूप में मनाते आया जा रहा है जो कि अपने चिकित्सक के माध्यम से बड़ी बड़ी बीमारियों को दूर कर स्वस्थ जीवन प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ जीके कुंजाम, डॉ जी मांडले, डॉ मनीष वर्मा, डॉ पंकज वर्मा, डॉ लौकेश जोशी, डॉ एन महेश्वरी, डॉ रजनी ठाकुर एव अन्य चिकित्सा अधिकारी बेरला, विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक चंद्राकर जी सभी नर्सिंग स्टाफ , सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

अक्षयपुर में हुए डकैती मामले का पुलिस ने किया खुलासा

घटना को अंजाम देने व लूट का माल खरीदी करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर । को ग्राम अक्षयपुर में निर्माणाधीन पुल के निर्माण कार्य का चौकीदार ग्राम पम्पानगर निवासी चेतन प्रजापति ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 जून के करीब 3 बजे भोर में 2 पिकअप वाहन द्धारिकापुर तरफसे अक्षयपुर तरफगया उसके थोडी देर बाद 10-12 अज्ञात व्यक्ति आए और इसे पकड़ लिए और चाकू दिखाकर इसका मोबाईल लूटते हुए कैम्प में रहने वाले लोगों की जानकारी लेकर सभी रूम को खोलवाकर मजदूरों को जगाकर डरा धमकाकर बंधक बनाकर पुलिया निर्माण के लिए रखे लोहे के करीब 40-42 नग सेन्ट्रींग प्लेट एवं 4 नग और मोबाईल फोन को लूटकर ले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना रामानुजनगर में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 148/22 धारा 395 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्व किया गया।

युवक ने किया कीटनाशक दवाई का सेवन सिविल अस्पताल में भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ क्षेत्र में जहर पीने के बहुत ज्यादा मामले हो रहे हैं। लगभग हर दिन एक न एक जहर सेवन के मामले सिविल अस्पताल इलाज के लिए पहुंच जाते हैं। बीती रात को भी एक युवक को कीटनाशक सेवन के बाद सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। ग्राम दुर्गापुर निवासी घासीराम पिता ननकी निषाद उम्र 26 वर्ष एक निजी मुर्गी फर्म में मजदूरी का कार्य करता है। जो अन्य दिनों की तरह और मजदूरों के साथ मिलकर दिनभर काम किया। जिसके बाद अकेले में वहीं पर रखे कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिसकी जानकारी उसके साथियों को हुई तो तत्काल सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां युवक का उपचार चल रहा है। युवक द्वारा कीटनाशक सेवन के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

खाद की कमी को लेकर दर्जनों किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा

क्षेत्र में यूरिया खाद की पूर्ति नही होने के कारण आज लैलूंगा विकासखंड क्षेत्र के केशला सहित दर्जनों किसानों ने तहसीलदार जे शतरंज को ज्ञापन सौंप कर खाद की पूर्ति करने की मांग की है एसडीएम उपस्थित न होने के कारण तहसीलदार जे आर शतरंज को यह ज्ञापन दिया गया। किसानों ने बताया कि यूरिया खाद की केशला मंडी क्षेत्र में कमी हो रही है। क्षेत्र में धान सहित अन्य फसल की बिजाई लगभग शुरू हो चुकी है केशला मंडी क्षेत्र के केशला ,सरसमाल तोलगे ,टटकेला, बरडीह ,गेरुपानी , भेड़िमुड़ा ब ,सहित अन्य गांव के लोग केशला मंडी से खाद लेते है लेकिन किसान सोसाइटी में खाद लेने के लिए जाते हैं तो वहां के प्रबंधक द्वारा किसानों को एक-दो दिन में ले जा जाने के लिए कह कर भेज दिया जाता है वही जिस किसान को 5 बोरी की जरूरत होती है उसे एक बोरी लेने के लिये कहा जाता किसान मंडी प्रबंधक के रवैया से भी परेशान है किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया कि जल्द से जल्द ही समस्या का समाधान करवाएं जिससे क्षेत्र के किसान सही समय पर अपना खेती कर सकें। ज्ञापन के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित।

उदयपुर में हुई घटना को लेकर हिंदुत्व संगठन ने किया महाबंद व पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

राजस्थान के उदयपुर में हुऐ कन्हैया कुमार साहू की हत्या के विरोध में सर्व हिंदू समाज,विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल,द्वारा संपूर्ण छत्तीसगढ़ बंद का आवाहन किया गया था। जिसका व्यापक असर महासमुंद में रहा।

आज सब हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल एवं शहर के हिंदुत्ववादी नेता एवं कार्यकर्ता सुबह 6 बजे से ही नगर के नेहरू चौक में एकत्रित हुए और रिमझिम बारिश के चलते कार में सवार होकर बंद कराने के लिए पूरे शहर में घूमते रहे। कहीं-कहीं हल्की झड़प के साथ संपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठान के साथ ही शहर की सभी शैक्षणिक संस्थान भी बंद रहे। इसके एक दिन पूर्व ही विश्व हिंदू परिषदए बजरंग दलएसर्व हिन्दू समाज के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर महासमुंद को संपूर्ण महासमुंद जिला बंद का सूचना देकर जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स,सैलून व्यवसाई संघ,फु टकर व्यापारी संघ, सराफा व्यापारी संघए सब्जी व्यवसाई संघ से संपर्क कर एवं शाम को संपूर्ण महासमुंद शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार कर बंद का समर्थन मांगा गया था। जिसका आज व्यापक असर देखने को मिला। आज जिला मुख्यालय महासमुंद के साथ ही बागबाहरा पिथौरा बसना सराईपाली में विहिप के कार्यकर्ताओं द्वारा बंद करवाया गया। महासमुंद में शराब दुकान के सामने कार्यकर्ताओं द्वारा बैठकर धरना देने के बाद शराब दुकान बंद कर दी गई। वही शहर के कुछ ऑटोमोबाइल सेंटरों में एवं रिलायंस पॉइंट में दुकान का स्टार बंद कर अंदर में कर्मचारियों द्वारा काम लिया जा रहा था जिसे के कार्यकर्ताओं ने छापा मारकर बंद करवाया। आज के बंद को भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने सर्व हिन्दू समाज, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं से मिलकर अपना संपूर्ण समर्थन प्रदान किया उक्त कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ शिवसेना विभिन्न व्यावसायिक संगठन साहू समाज व महासमुंद नगर के समस्त व्यवसायियों द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने सर्व। सर्व हिंदू समाज के भरत चंद्राकर अग्रज शर्मा अनुप उपासे विक्रम ठाकुर भारतीय जनता पार्टी से पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंग पाली,प्रकाश शर्मा प्रशांत श्रीवास्तव,देवी चंद राठी एम विश्वनाथन, देवेंद्र चंद्राकर,गुरुदत्ता, मोहन साहू, पवन साहू,अरविंद प्रहरे, राकेश सचदेव,मुन्ना लाल साहू अजय बंजारे उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in